दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



विजय फातिमा की .......

कीर्ति एक एक्टर को महज 6 घंटे....

वर्ष : 11 | अंक : 342 | लखनऊ, 02 दिसम्बर, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# गोरखपुर से अयोध्या तक अब हर बड़े शहर में दौड़ेगी मेट्रो

योगी सरकार के इस कदम से प्रदेश में एक तरह से सार्वजनिक परिवहन में क्रांति आ जाएगी। इसमें लखनऊ मेट्रो का विस्तार 225 किमी तक ले जाना है। योजना में हर साल 1527 करोड़ का निवेश होगा।

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में मेट्रो रेल योजना को लेकर बेहद संजीदा है। अब नोएडा, लखनऊ, कानपुर व आगरा जैसे शहरों के बाद गोरखपुर, बरेली, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद,झाँसी, अयोध्या, मथुरा-वृन्दावन और अलीगढ़ जैसे शहरों में भी मेट्रो चलाने की योजना है। यह प्लान विकसित भारत 2047 की वर्कशॉप में रखा गया, जिसमें यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन ने अपना एजेंडा पेश किया। कारपोरेशन का अनुमान है कि अगले 20 सालों में इन शहरों में 50-50 किमी मेट्रो रूट का विस्तार हो सके जो कुल 1575 किमी हो जाएगा।

**यूपी में मेट्रो विस्तार का मेगा प्लान**



### सार्वजनिक परिवहन में क्रांति

योगी सरकार के इस कदम से प्रदेश में एक तरह से सार्वजनिक परिवहन में क्रांति आ जाएगी। इसमें लखनऊ मेट्रो का विस्तार 225 किमी तक ले जाना है। कानपूर में मेट्रो नेटवर्क 200 किमी, इसी तरह नोएडा,ग्रेटर नोएडा, वाराणसी और प्रयागराज में 150 किमी लबे मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण. इसके साथ ही बाकी शहरों जैसे बरेली सहारनपुर में भी 50-50 किमी मेट्रो लाइन के विस्तार की योजना है। यही नहीं वर्कशॉप में 2035 तक 790 किमी मेट्रो ट्रैक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में हर साल तकरीबन 1527 करोड़ रुपए का निवेश चाहिए होगा।

### यूपी मेट्रो मुनाफे में

उल्लेखनीय है कि अभी यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन मुनाफे में है। लागत और उसके अनुपात में राजस्व में यूपी मेट्रो देश में काफी आगे है। खासकर टियर-2 शहरों में. वर्कशॉप में बताया गया कि जल्द ही कानपुर में आईआईटी से नौबस्ता तक मेट्रो का ट्रायल 26 जनवरी से शुरू होगा। इससे यात्रियों को अब मोतीझील पर ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ट्रेन के वेटिंग टाइम भी15 मिनट से घटकर 5 मिनट रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### किशनगंज में कार से मिला डेढ़ करोड़ का सोना

किशनगंज। जिले में पुलिस ने रविवार की देर रात ने सोना तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है।



पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट में 1 किलो 400 ग्राम सोना जब्त किया है। इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। सोना की कीमत 1 करोड़ 60 लाख रुपए आंकी गई है। जब्त सोना कोलकाता से सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा था। सोना एक कार से बरामद किया गया है। वहीं पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

### डॉ. शाहीन के घर पर एनआईए की छापेमारी

लखनऊ। दिल्ली धमाकों से जुड़े संदिग्धों की जांच के लिए सोमवार को एनआईए की टीमों ने कश्मीर से



लेकर लखनऊ तक आठ जगहों पर छापेमारी की। लखनऊ में एनआईए की टीम लखनऊ के खंदारी बाजार स्थित डॉ. शाहीन शाहिद के पिता के आवास पर जांच करने पहुंची। मौके पर स्थानीय पुलिस मौजूद रही। टीम ने डॉ. शाहीन के परिजनों से पूछताछ की ।

## लखनऊ एयरपोर्ट के आसपास बनी झुग्गियों में की गई कार्रवाई

# अवैध बांग्लादेशियों पर योगी सरकार का कड़ा एक्शन, डिटेंशन सेंटर में भेजने की तैयारी

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवैध रूप से उत्तर प्रदेश में रह रहे बांग्लादेशियों को तलाश कर डिटेंशन सेंटर में भेजने के सख्त निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। इसी क्रम में लखनऊ पुलिस ने राजधानी में एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से लखनऊ एयरपोर्ट के आसपास बनी झुग्गियों में की गई, जहां संदिग्धों के होने की सूचना थी। डीसीपी निपुण अग्रवाल की अगुवाई में पुलिस टीम ने इन इलाकों की सघन जांच की. झुग्गियों में रहने वाले लोगों पर अवैध बांग्लादेशी होने का संदेह है। हालांकि ये लोग खुद को असम का मूल निवासी बताते हैं।

सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में अवैध बांग्लादेशियों की तलाश के लिए पुलिस अभियान तेज किया गया है। लखनऊ पुलिस ने डीसीपी निपुण अग्रवाल के नेतृत्व में एयरपोर्ट के आसपास झुग्गी इलाकों में सघन जांच की है। संदिग्ध लोग खुद को असम का निवासी बताते हैं और कूड़ा बीनने का काम करते हुए लगभग तेरह साल से लखनऊ में हैं।

**खास बातें**

- लखनऊ एयरपोर्ट के आसपास बनी झुग्गियों में की गई कार्रवाई
- पूरे उत्तर प्रदेश में संदिग्ध विदेशी नागरिकों की तलाश का अभियान

### कूड़ा बीनने का काम और दस्तावेजों का दावा



निवासियों का दावा है कि वे लगभग 13 साल पहले रोजी-रोटी की तलाश में लखनऊ आए थे और अब यहीं कूड़ा बीनने का काम करते हैं। पुलिस की जांच के दौरान इन संदिग्धों ने अपने पास आधार कार्ड, एनआरसी और अन्य संबंधित दस्तावेज होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि जब उनके पास वैध दस्तावेज हैं, तो उन्हें पुलिस की जांच से डरने की कोई बात नहीं है।

**वापस उनके देश भेजने की होगी कार्रवाई**

*फिलहाल केवल लखनऊ ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में संदिग्ध विदेशी नागरिकों की तलाश का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जितने भी अवैध बांग्लादेशी मिलेंगे, उन्हें पकड़कर डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा। इसके बाद, कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्हें वापस उनके देश भेजने की कार्रवाई की जाएगी।*

### एसआईआर के काम में लगे बीएलओ से डिप्टी सीएम ने कहा-

किसी विपक्ष के बहकावे में ना आएं

देश में एसआईआर अभियान लगातार



चर्चाओं में बना हुआ है। यूपी में इस अभियान में काम कर रहे बीएलओ यानी बूथ स्तरीय अधिकारियों की मौत की खबर भी लगातार सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि काम के दबाव की वजह से कुछ बीएलओ ने कथित तौर से अपनी जान दी है तो कुछ की मौत काम के प्रेशर की वजह से हुई है। विपक्ष भी इसको लेकर लगातार सवाल उठा रहा है। इसी बीच यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अब इसको लेकर बयान दिया है और उन्होंने बीएलओ अधिकारियों को अपना संदेश भी दिया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, मैं अपने सभी बीएलओ साथियों से कहूंगा कि चुनाव आयोग के द्वारा समय-समय पर कोई न कोई अभियान चलाया जाता है। अपने कर्तव्यों का पालन करें और किसी विपक्ष के बहकावे में न आएं।

## नवनिर्वाचित 236 विधायकों ने ली शपथ

# बिहार की 18वीं विधानसभा का पहला सत्र शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार विधानमंडल का सत्र सोमवार से शुरू हो चुका है, जो 5 दिन चलेगा। पहले दिन 236 विधायकों ने शपथ ली। इसके अलावा एनडीए प्रत्याशी के तौर पर प्रेम कुमार ने स्पीकर पद के लिए नामांकन किया। सबसे पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शपथ ली है। उसके बाद विजय सिन्हा ने शपथ लिया। इसके बाद वरीयता क्रम से मंत्रियों का शपथ ग्रहण हुआ। विधानसभा सचिव ने क्रमवार शपथ के लिए विधायकों को आमंत्रित किया। इससे पहले प्रोटेम स्पीकर का संबोधन भी हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में मौजूद रहे।

बिहार विधानसभा सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित 243 विधायकों में 236 ने शपथ ली। दो दिसंबर को नए विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। सत्र 5 दिसंबर तक संचालित होगा। सत्र में विपक्ष ने सरकार को घेरने तो सत्ता पक्ष ने विपक्ष को जवाब देने की तैयारी की है। सदन की पांच बैठकें होंगी। विधानसभा चुनाव और नयी सरकार के गठन के बाद 18वीं विस की यह पहली बैठक है। सत्र पांच दिसंबर तक चलेगा।



### 7 विधायक नहीं आए शपथ ग्रहण में

बिहार में विधायकों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम से करीब 8 विधायक नदारद रहे। प्रोटेम स्पीकर ने शपथ ग्रहण पूरा होने के बाद अनाउंसमेंट भी कराया कि कोई विधायक बच गया हो तो अपना हाथ उठाए। लेकिन कोई भी सामने नहीं आया। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। साथ ही कहा कि जो विधायक बचे हैं, वे 2 दिसंबर को शपथ ले सकते हैं।

### मैथिली ने मैथिली में ली शपथ

बिहार विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह में एक खास बात यह भी रही कि बिहार की सबसे युवा विधायक मैथिली ठाकुर ने मैथिली भाषा में शपथ व। मैथिली ठाकुर पहली बार बिहार विधानसभा की सदस्य बनी हैं। अलीनगर से मैथिली ठाकुर ने विधानसभा चुनाव जीता है। वहीं रेणु देवी को गलत ढंग से शपथ लेने के बाद प्रोटेम स्पीकर ने रोक दिया। इसके बाद उन्हें फिर से शपथ लेना पड़ा।

**शीतकालीन सत्र के पहले दिन एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा**

# लोकसभा अध्यक्ष बोले- नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना अच्छी परंपरा नहीं

# प्रियंका का पीएम पर कटाक्ष- लोगों के मुद्दे उठाना ‘ड्रामा’ नहीं, चर्चा न करना गलत





लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की

## राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित

परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश होंगे



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल बाधित हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध देखा गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति, असहमति होती रही है, वैचारिक मतभेद भी होते हैं। लेकिन चर्चा, संवाद से ही समाधान निकलता है। यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं है। इसके लिए बाहर अवसर मिलते हैं। हमें जनता की कठिनाई, चुनौतियों और मुद्दों पर चिंता करनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। सरकार 19 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश कर सकती है।

**दिवंगत नेताओं को दी श्रद्धांजलि**

सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अध्यक्ष ने महिला विश्वकप क्रिकेट और महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### सरकार मुद्दों पर संवाद के लिए नहीं तैयार: प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना नाटक है। प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद किस लिए है। यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना और मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है।

### विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट न कटे। हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।

### प्रदूषण, घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाए

राज्यसभा सदस्यों ने प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। कुछ सांसदों ने आत्महत्या और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

### जनविश्वास बिल पर समिति को मिला और समय

लोकसभा ने दो विधेयकों पर बनी चयनित समितियों को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया। लोकसभा ने बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान की परिषद में दो सदस्य चुनने का रास्ता साफ कर दिया।

### सदन की गरिमा बनाए रखें: पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरीके से पिछले सत्र में



एसआईआर का एक मुद्दा लेकर पूरा सदन वॉशआउट कर दिया। उसी तरह के आसार इस सत्र में भी देखने को मिल रहा है। सरकार पूरी तरह से तैयार हैं जिस पर वो चर्चा करना चाहते हैं हम जरूर हर विषय पर चर्चा करेंगे। लेकिन विपक्ष की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की गरिमा बनाए रखे और सत्र को चलने दें।

## अब महंगे होंगे तंबाकू और पान मसाले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में दो अहम विधेयक पेश



किए, जिनके तहत तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जाएगा। सरकार का यह कदम सिन गुड्स पर कर ढांचे को नया रूप देने जा रहा है। पहला विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 वर्तमान में लागू जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा। अभी यह सेस सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है।

### ये विधेयक सूचीबद्ध किए हैं सरकार ने

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में पेश करने के लिए 9 आर्थिक विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, जिसमें इंश्योरेंस कानूनों में संशोधन का विधेयक शामिल है। संसद सदस्यों को भेजी गई बिलों की सूची के मुताबिक सरकार नई पीढ़ी के वित्तीय सुधारों के तहत इंश्योरेंस सेक्टर में विदेशी निवेश सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने के लिए इंश्योरेंस कानून (संशोधन) बिल 2025 पेश करेगी।

### गिरता जा रहा विपक्ष: सांसद कंगना

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वे (विपक्ष) जितना हारते जा रहे हैं, उतना ही वो बौखलाते जा रहे हैं। आज बिल्कुल भी संसद नहीं चला है। पूरा देश यह देख रहा है।



वे (विपक्ष) लोगों की नजरों से गिरते जा रहे हैं और एक के बाद एक चुनाव हारते जा रहे हैं।

**भड़के सीएम फडणवीस**

### बोले- पता नहीं किससे सलाह ले रहा आयोग?



महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आगामी निकाय चुनाव स्थगित होने पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आयोग का चुनाव स्थगित करने का फैसला पूरी तरह से गलत है।

**संसद में कुत्ता लेकर पहुंची रेणुका**

### बोलीं- यह काटता नहीं है भाजपा ने कहा ‘तमाशा’



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी संसद परिसर में अपने पालतू कुत्ते के साथ पहुंच गईं। चौधरी ने कहा कि यह किसी को काटता नहीं है। काटने वाले तो और हैं संसद के अंदर। भाजपा ने इसे तमाशा बताते हुए कार्रवाई की मांग की।

## ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में सचिवों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को मलिहाबाद विकासखंड मुख्यालय पर ग्राम पंचायत सचिवों ने अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति (अटेंडेंस) लागू किए जाने के निर्णय के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। सचिवों ने कहा कि बिना उचित व्यवस्था और तकनीकी संसाधनों के इस तरह का फैसला जमीनी कामकाज को प्रभावित करेगा। विरोध प्रदर्शन के तहत सचिवों ने बताया कि यह अभियान एक दिसंबर से 4 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में सभी सचिव काली पट्टी पहनकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे और मांग करेंगे कि ऑनलाइन अटेंडेंस लागू करने से पहले आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विरोध प्रदर्शन में संजय गिरी, अनिल कुमार, विनोद यादव, संदीप कश्यप सहित दर्जनों ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे। सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। सुल्तानपुर लखनऊ मार्ग पर सोमवार देर शाम कोड़रा कट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से अपाचे बाइक सवार मोहम्मद अलीम (32), निवासी ग्राम पलिया, थाना काकोरी, लखनऊ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनके साथ बैठे खलील अहमद, निवासी मदरसा वार्ड, अमेठी, गोसाईगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों युवक अमेठी से खुर्दही बाजार एक वैवाहिक समारोह में जा रहे थे। कोड़रा कट के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अलीम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि खलील अहमद को स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस लखनऊ भेज दिया है। परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। अज्ञात वाहन की पहचान हेतु पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में सोमवार सुबह एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सीतापुर जिले के लहरपुर थानान्तर्गत लालपुर बाजार निवासी अमरेश कुमार का 19 वर्षीय बेटा दिव्यांशु राज अपने छोटे भाई अर्पित राज के साथ सरोजनीनगर के शांति नगर में शैलेश चौरसिया के मकान की दूसरी मंजिल पर किराए के कमरे में रहता था। दिव्यांशु बीएससी प्रथम वर्ष की प्राइवेट पढ़ाई कर रहा था और साथ-ही क्रिकेट की ट्रेनिंग भी लेता था। पहले वह दरोगा खेड़ा में पार्थ रिपब्लिक स्थित क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लेता था, जबकि पिछले एक वर्ष से पारा स्थित प्रतिभा अकेडमी में ट्रेनिंग कर रहा था। उसका छोटा भाई अर्पित यहाँ स्काई पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। जबकि बीते तीन दिन पहले बार काउंसिल की परीक्षा देने लखनऊ आया दिव्यांशु का चचेरा भाई अभिषेक भी उनके साथ यहीं ठहरा था। सोमवार सुबह अर्पित स्कूल चला गया, जबकि अभिषेक नहाने बाथरूम में चला गया। इसी दौरान करीब 9:30 बजे दिव्यांशु ने कमरे के अन्दर पंखे से चादर के सहारे लटक कर फांसी लगा ली। अभिषेक नहा कर लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने खिड़की से झांककर देखा, जहां दिव्यांशु फांसी से लटका नजर आया। अभिषेक ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और दरवाजा तोड़कर दिव्यांशु को नीचे उतारा। बाद में उसे सरोजनीनगर सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक के पिता अमरेश कुमार गाँव के ही सरकारी जूनियर स्कूल में शिक्षक हैं, जबकि उसकी मां सरोजनी देवी की आठ वर्ष पहले मौत हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि दिव्यांशु ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) और एसीपी कृष्णानगर ने पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से की चेकिंग

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। मुख्यमंत्री के निर्देश पर झुग्गी-झोपड़ियों एवं अस्थाई बस्तियों में रह रहे संदिग्ध व अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दक्षिणी जोन में सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बिजनौर थानांतर्गत एयरपोर्ट क्षेत्र और आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निकट स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में चलाया गया। पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) निपुण अग्रवाल तथा एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बिजनौर थाना पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग की। इस दौरान न्यू गुड़ौरा व एयर पोर्ट बाउन्ड्री वाल के पास झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे लोगों के आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड सहित अन्य पहचान पत्रों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद व्यक्तियों से उनके स्थाई पते, रोजगार और लखनऊ आने के कारणों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। चेकिंग के दौरान मिले सभी दस्तावेजों में दर्ज पतों का सत्यापन कराने के लिए संबंधित जिलों और थानों को पत्राचार भेजा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सत्यापन के बाद यदि किसी व्यक्ति के दस्तावेज संदिग्ध पाए जाते हैं या उसकी मौजूदगी अवैध पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा दृष्टि से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

## ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में पंचायत सचिवों ने गोसाईगंज ब्लॉक में काली पट्टी बांधकर जताया विरोध




अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में पंचायत सचिवों ने इकट्ठा होकर गोसाईगंज ब्लॉक में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में सभी ब्लॉकों में यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके तहत 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। इसके पश्चात 5 दिसंबर को ब्लॉकों में बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। गोसाईगंज ब्लॉक में सोमवार को संघ के बैनर तले ललित कुमार, प्रशांत सक्सेना, रजनी यादव, रामबहादुर शर्मा, मनोज गुप्ता, अरूण कुमार सिंह, राकेश यादव, अंकित द्विवेदी, रामगोपाल यादव, अजय कुमार पटेल, सुचेता यादव, दीपक चौधरी, सीमा यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय युवती करीब 2 वर्ष पहले सरोजनी नगर इलाके के एक स्कूल में नौकरी करती थी। तभी बंथरा के लाला खेड़ा मजरा रामचौरा निवासी प्रिंस रावत अपने दोस्त का एडमिशन कराने स्कूल पहुंचा। जहां उसने युवती से बातचीत के दौरान उसका मोबाइल नंबर ले लिया और उससे बातें करने लगा। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों में प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने युवती के साथ कई बार शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसकी जानकारी जब युवती के परिवार को हुई तो बीती 31 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता हुआ। जिसमें आरोपी ने 15 दिनों के भीतर शादी करने का लिखित वादा किया, लेकिन आरोप है कि युवक ने शादी नहीं की, बल्कि 60 दिन बीत जाने के बाद आरोपी ने युवती से शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि आरोपी उल्टे युवती और उसके परिवार पर झूठे आरोप लगने लगा। साथ ही विक्रम हॉस्पिटल के पास संचालित अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान भी बंद कर दी और वहीं रहने लगा। इसके बाद परेशान पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ 1 अक्टूबर को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी प्रिंस फरार हो गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी, तभी पुलिस को उसके गाजियाबाद में रहने की जानकारी मिली। इसके बाद गाजियाबाद पहुंची पुलिस ने थाना खोड़ा स्थित आजाद बिहार नियर लाल मंदिर खोड़ा कॉलोनी से प्रिंस रावत को गिरफ्तार कर लिया और बंथरा ले आई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी प्रिंस रावत के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को उसे जेल भेज दिया है।

## विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, जबरन घर से निकालने का लगाया आरोप

अमल लेखनी समाचार


सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जबरन घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोजनी नगर के अवध बिहार कॉलोनी निवासी आसिया के मुताबिक उसका विवाह 1 जनवरी 2023 को हुसैनाबाद निवासी मोहम्मद सलमान के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज दिया, लेकिन आरोप है कि ससुराल पहुंचते ही पति, ससुर अब्दुल मोईद, सास मेराज जहां, ननद फलक नाज, जेठ मोहसिन सिद्दीकी और जेठानी शैला सिद्दीकी ने दहेज कम मिलने का आरोप लगाते हुए आसिया का उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वाले उस पर दहेज के रूप में चार पहिया वाहन और लखनऊ शहर में एक मकान की मांग कर रहे थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और कमरे में बंद कर भूखा रखने जैसी प्रताड़नाएं दी जाती थीं। साथ ही विवाह में मिले गहने और सामान भी पति व ससुरालवालों ने छीन लिए। पीड़िता का आरोप है कि गर्भवती होने पर भी ससुरालवालों ने कोई देखभाल नहीं की और उसे जबरन मायके भेज दिया, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। बाद में पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली, तब न्यायालय में समझौता कर उसे ससुराल वापस ले गये, लेकिन उसके बाद उत्पीड़न और बढ़ गया। पीड़िता का कहना है कि 24 फरवरी 2025 को अतिरिक्त दहेज न लाने पर पति और उसके परिजनों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'विकसित यूपी- 2047 लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च होंगे 1 लाख करोड़ रुपये' : ब्रजेश पाठक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप विकसित यूपी 2047 के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य शिक्षा के विकास के लिये स्टेकहोल्डर्स की कॉनफ्रेंस का आयोजन राजधानी में किया गया। उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश का योगदान महत्वपूर्ण है।

विकसित यूपी- 2047 बनाने में हेल्थ सेक्टर को मजबूत करने के लिए आने वाले दस वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में तेज विकास हुआ है, लेकिन इसे विकसित देशों के समकक्ष बनाने के लिये हमें अभी और भी प्रयास करना है। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह, मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य शिक्षा, नर्सिंग, पैरामेडिकल व फार्मा से जुड़े हुए स्टेकहोल्डर्स व विभाग के अधिकारियों के विचार मंथन के कई सत्रों का आयोजन किया गया। विकसित यूपी- 2047 मिशन के तहत आयोजित स्वास्थ्य व स्वास्थ्य शिक्षा के लिए आयोजित स्टेकहोल्डर्स कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित यूपी- 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने में स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के 25 करोड़ लोगों तक उनके घर के पास स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने



कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश जो एक बीमारू राज्य था आज प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे, निर्बाध बिजली आपूर्ति और इंफ्रास्ट्रकचर के निर्माण से यूपी में निवेश को बढ़ावा दिया है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी जहां प्रदेश में पहले केवल 40 मेडिकल कॉलेज ही थे, उनकी संख्या बढ़कर 81 हो चुकी है। साथ ही प्रत्येक पांच हजार की आबादी पर आरोग्य मंदिरों का संचालन हो रहा है, जहां पैथोलॉजी जॉच से लेकर, प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी पहले की 5000 एमबीबीएस सीटों की तुलना में वर्तमान में 12,000 से अधिक सीटें हो चुकी हैं, वहीं एमएस और एमडी की सीटें भी लगभग दोगुनी बढ़ी हैं। इसके अलावा मिशन निरामया का सफल संचालन किया जा रहा है एवं संजीवनी एप के माध्यम से प्रदेश की चिकित्सकीय सुविधा की उपलब्धता पर लाइव नजर रखी जाती है। लेकिन अभी हमें स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित देशों के समकक्ष बनाने के लिए कई और प्रयास करने हैं। जिसके लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी, साथ ही आने वाले दिनों में विकसित यूपी- 2047 को सफल बनाने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है।

कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि आजादी के सौवें वर्ष में विकसित भारत का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री ने रखा है उसे प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश सरकार ने 6 ट्रिलियन डालर का योगदान देने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा और स्वास्थ्य आधारभूत स्तंभ हैं। डब्लूएचओ के मानकों के अनुरूप प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ इसमें गुणात्मक सुधार की ओर भी ध्यान देना होगा। हमें प्राइमरी, सेंकेडरी, टर्शियरी के साथ पैरामेडिकल और नर्सिंग सुविधाओं का भी विस्तार करना होगा। इस अवसर पर बोलते हुए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य व स्वास्थ्य शिक्षा, अमित कुमार घोष ने विकसित भारत, विकसित यूपी- 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए इकोनामी के साथ सभी क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया।

# 15 दिसंबर से शुरू हो सकता है विधानमंडल का शीतकालीन सत्र

### पंचायत चुनाव के मद्देनजर अनुपूरक बजट लाने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू होने की उम्मीद है। सरकार इसकी तैयारियों में जुट गई है। इस बार सत्र की अवधि कम रहने की संभावना है। पिछले वर्ष भी केवल चार दिन शीतकालीन सत्र चला था। सरकार अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पेश करने की तैयारी में है।

इसमें ग्रामीण विकास, स्वच्छ पेयजल, आवास, सड़क निर्माण जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दिए जाने की उम्मीद है। अनुपूरक बजट में पंचायत स्तर पर रोजगार, महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा और डिजिटल पंचायत जैसी योजनाओं को शामिल किया जा सकता है। सरकार की कोशिश आगामी चुनाव से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का संदेश देने की है।

### अगस्त में हुआ था विधानमंडल का मानसून सत्र

विधानमंडल का मानसून सत्र अगस्त में हुआ था। इसके बाद से अब तक प्रदेश सरकार आठ अध्यादेश ला चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रविधानों का संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश व उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) अध्यादेश शामिल हैं। सरकार इनसे संबंधित विधेयक भी शीतकालीन सत्र में ला सकती है। इसके अलावा कुछ और विधेयक व संकल्प लाने की तैयारी है। सदन का पहला दिन शोक प्रकट कर स्थगित हो जाएगा। मऊ जिले की घोसी विधान सभा सीट के सपा विधायक सुधाकर सिंह का निधन 20 नवंबर को हो चुका है। शीतकालीन सत्र में ही सरकार संभल में नवंबर 2024 में हुई हिंसा की जांच रिपोर्ट भी पेश कर सकती है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री को सौंपी गई थी।

# लखनऊ के पॉश इलाके में दीवार के सहारे रखा मिला महिला का शव

### हत्या की आशंका; जांच में जुटी पुलिस

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ। गोमती नगर के विशाल खंड इलाके में सोमवार की सुबह अज्ञात महिला का शव एक पूर्व आईएएस अफसर के मकान के सामने सड़क की दूसरी तरफ दीवार के सहारे रखा मिला। महिला के पैर और कपड़ों पर मिट्टी लगी थी। साथ ही पैर पर खरोचने के निशान थे। राहगीरों की सूचना पर गोमती नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। फारेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए हैं। स्थानीय लोग हत्या के बाद शव ठिकाने लगाने के इरादे से यहां रखने की बात कह रहे हैं। विशाल खंड इलाके में सर्विस लेन के पास सेवानिवृत्त आइएएस अफसर का मकान है। सोमवार की सुबह राहगीरों ने मकान के पास अचेत अवस्था में दीवार के सहारे पड़ी एक महिला को देखा। उसकी पीठ दीवार से टिकी थी जबकि पैर और हाथ जमीन पर थे, महिला का सिर नीचे की तरफ झुका हुआ था। काफी देर तक जब कोई हलचल नहीं हुई तो राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर महिला को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके के पैर में खरोंच थी। शरीर पर काले रंग का स्वेटर, गुलाबी कुर्ता, लाल रंग की सलवार और पीला दुपट्टा भी था। महिला के पास से मोबाइल या कोई अन्य दस्तावेज नहीं मिला है। ऐसे में उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हत्या करने के बाद शव को बदमाशों ने यहां पर फेंका है। गोमती नगर सहायक पुलिस आयुक्त बीएन सिंह ने कहा कि मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। महिला के शरीर पर कोई चोट नहीं दिखी है। कपड़े भी सही थे। ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की जानकारी होगी। हुलिये के आधार पर शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। प्रारंभिक जांच में हत्या करने की पुष्टि नहीं हुई है। चश्मदीदों ने बताया कि महिला गले से लेकर हाथ के बीच उसका दुपट्टा लिपटा था। ऐसा लग रहा था जैसे उसके हाथ बांधे गए थे। नाम न छापने की शर्त पर उन्होंने बताया कि बदमाशों ने कहीं और हत्या की होगी। शव ठिकाने लगाने जा रहे होंगे तभी किसी कारणवश शव को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए हैं।

## यूपी में कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए अब चार दिसंबर तक करें आवेदन

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के गरीब परिवारों के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की समय सारिणी को संशोधित कर दिया है। पूर्व घोषित कार्यक्रम में आवेदन के लिए एक दिसंबर अंतिम तिथि थी, जिसे अब बढ़ाकर चार दिसंबर कर दिया गया है। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में एक लाख रुपये तक आय वाले परिवारों के इंटर पास युवाओ को ओ लेवल एवं सीसीसी का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका लाभ लेने के लिए 20 नवंबर को आवेदन लेने की शुरूआत हुई थी। पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब चार दिसंबर तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, आवेदकों को एक हार्ड कापी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय पांच से से नौ दिसंबर तक आय, जाति, शैक्षिक अभिलेखों सहित सभी दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन कर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 10 से 13 दिसंबर तक चयनित अभ्यर्थियों की सूची को डिजिटली लाक कर प्रतीक्षा सूची तैयार होगी और संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान (नीलिट) में रजिस्ट्रेशन कराते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 15 दिसंबर से प्रदेशभर में एक साथ प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा।

## शादी में जा रहे ससुर और दामाद की बाइक में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दामाद की मौत

अमल लेखनी समाचार

लखनऊ। सुलतानपुर रोड के कोड़रा गांव मोड़ के पास सोमवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ससुर और दामाद को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की दोनों बाइक सवार सड़क पर लगभग 10 फीट घिसट गए। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों घायलों को गोसाईगंज सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने दामाद अलीम को मृत घोषित कर दिया। ससुर खलील का नाजुक हालत में इलाज जारी है। अमेठी के मदरसा वार्ड निवासी अरशद ने बताया कि सोमवार को उनके एक दोस्त की खुर्दही बाजार में शादी थी। काकोरी के पलिया निवासी उनके 32 वर्षीय जीजा अलीम अपने ससुर खलील के साथ बाइक से अमेठी से शादी में शामिल होने जा रहे थे। बाइक अलीम चला रहा थे। कोड़रा गांव में कट के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों लोगों को गंभीर चोटें आई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों घायलों को गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने अलीम को मृत घोषित कर दिया। खलील की हालत नाजुक होने पर सिविल अस्पताल रेफर किया गया। सिविल से चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया। खलील की हालत नाजुक है। गोसाईगंज इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि हाइवे पर लगे कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास शनिवार की रात बहरौली के भोला का पुरवा गांव निवासी 36 वर्षीय किसान नीरज को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवारजन ने बताया कि नीरज शेखनापुर गांव में मोड़ के पास बने गेस्ट हाउस में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर जाने के लिए वह सड़क पार कर रहे थे तभी हादसा हुआ है। सुशांत गोल्फ सिटी के नूरपुर बेहटा गांव के पास सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन टक्कर मारने वाले वाहन और मृतक के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्साधिकारी (CMO) ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें एनसीसी कैडेटों, स्वास्थ्य विभाग की टीम, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिसका उद्देश्य लोगों को एचआईवी / एड्स के प्रति जागरूक करना था। रैली जिला अस्पताल से शुरू होकर गांधी नगर चौराहा और छोटा चौराहा होते हुए वापस अस्पताल परिसर पहुंची। एनसीसी कैडेटों ने एड्स से लड़ना है, जागरूकता बढ़ाना है, संक्रमण से बचाव ही सबसे बड़ी सुरक्षा और जांच कराएं, जागरूक बनें जैसे नारों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया। राहगीरों ने भी रुककर कैडेटों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि विश्व एड्स दिवस प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एचआईवी संक्रमण और एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आज भी कई लोग इस बीमारी के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं रखते, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पाता। डॉ. सत्यप्रकाश ने स्पष्ट किया कि एचआईवी छूने, साथ बैठने, भोजन साझा करने या सामान्य संपर्क से नहीं फैलता है। यह केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त के संपर्क और गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में फैल सकता है। उन्होंने जोर दिया कि जागरूकता और सावधानी ही इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। रैली में उपस्थित मेडिकल ऑफिसर ने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें एचआईवी से संबंधित कोई लक्षण महसूस हों तो उसे छिपाएं नहीं, बल्कि तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं। जिला अस्पताल में स्थित इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (ICTC) में निःशुल्क जांच, उपचार और परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर इलाज शुरू होने से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। एनसीसी कैडेटों ने इस अभियान में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार, जागरूकता ही संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। कैडेटों ने लोगों को पंपलेट वितरित कर एड्स से बचाव संबंधी जानकारी दी और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।



# पंचायत सचिवों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर की आंदोलन की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय ब्लॉक कार्यालय परिसर में विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी पंचायत सचिवों ने आज सोमवार को अपने हाथों में काली पट्टी बांध कर शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत की। सचिवों के अनुसार शासन द्वारा मांगे न माने जाने तक क्रमिक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की ब्लाक इकाई द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए बगैर पंचायत सचिवों के निजी मोबाइल व सिम से फेसियल रिकाग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम जरिए पंचायत सचिवों की उपस्थिति के शासकीय पत्र से पूरे प्रदेश के सचिवों में रोष एवं भय व्याप्त है। साथ ही शासन द्वारा उनके ऊपर जबरन थोपे गए फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, फैमिली आईडी, विभिन्न पेंशन के सत्यापन, आपरेशन कायाकल्प व पराली प्रबंधन आदि गैर विभागीय कार्यों के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन विषम परिस्थितियों के चलते पंचायत सचिव बीमारी से ग्रस्त हो जाने के साथ ही विभिन्न दुर्घटनाओं का शिकार भी हो रहे हैं। पंचायत सचिवों का कहना है कि यदि शासन द्वारा इन गंभीर समस्याओं से निजात न दी गई तो आगामी 5 दिसंबर से सभी पंचायत सचिव शासकीय ह्वाट्सएप ग्रुपों से अपने को पृथक कर लेंगे। जबकि 10 दिसंबर से सभी सचिव अपने निजी वाहन से सरकारी कार्य नहीं करेंगे और 15 दिसंबर को सभी सचिव अपने डोंगल ब्लाक कार्यालय में जमा कर देंगे। पंचायत सचिवों ने कहा है कि समस्याओं के समाधान तक उनका क्रमिक विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन में ब्लॉक के पंचम लाल, जंग बहादुर, सुभाष गौतम, आशीष सिंह पटेल, रोहित सिंह, रबीना व विमल आनंद जी सुमन आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### खेत पर गया वृद्ध हुआ लापता, परिजन परेशान

उन्नाव। जिले के थाना मौरावा क्षेत्र से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग के लापता होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, बेनीगंज कस्बे के कोके मोहल्ला निवासी झींगुर रावत (पुत्र कोके), जो अपने घर से 18 नवंबर 2025 की शाम लगभग 5 बजे खेत की ओर गए थे, उसके बाद से वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। बुजुर्ग के पुत्र पंकज ने बताया कि उनके पिता रोजाना की तरह शाम को खेत की ओर गए थे, लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। काफी तलाश के बाद भी जब जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने थाना मौरावा पुलिस से संपर्क कर लिखित सूचना दी। गायब होने के समय झींगुर रावत हरे रंग का लोअर, लाल शर्ट और लाल रंग की जैकेट पहने हुए थे। उनकी लंबाई करीब 5 फुट, रंग सांवला और चेहरा गोल बताया गया है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में भी खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली। पंकज ने पुलिस से जल्द से जल्द उनके पिता की तलाश कराने की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष मौरावा को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस ने बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि अचानक इस तरह गायब हो जाने से परिवार में चिंता और तनाव का माहौल है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी झींगुर रावत के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत थाना मौरावा या परिजनों को सूचित करें।

### तकिया मेला : चार लाख में साइकिल स्टैंड का हुआ ठेका

बीघापुर, उन्नाव। तहसील सभागार में तकिया मेला साइकिल स्टैंड का ठेका तहसीलदार की उपस्थिति में चार लाख में उठा हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला 11 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है जिसके लिए सोमवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन सभागार में नियम व शर्तों के अनुसार साइकिल स्टैंड की नीलामी तहसीलदार गणेश सिंह की उपस्थिति में बोली बोली गई जिसमें तरुण सिंह अनुराग सिंह राघवेंद्र सिंह निवासीगण गडरिया खेड़ा भगवती प्रसाद निवासी चांदपुर ने हिस्सा लिया बोली प्रारंभ हुई तीसरे राउंड में सबसे अधिक बोली भगवती प्रसाद पुत्र महावीर प्रसाद निवासी चांदपुर पोस्ट पाटन तहसील बीघापुर जिला उन्नाव ने चार लाख रुपये बोली अन्य लोगों के द्वारा इतना पैसा ना लगाए जाने पर बोली समाप्त करते हुए भगवती प्रसाद को साइकिल स्टैंड का ठेका प्रशासन के द्वारा दे दिया गया मेला अधिकारी उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने निर्धारित साइकिल के लिए10 मोटरसाइकिल 20 वह चार पहिया वाहन के लिए50 निर्धारित हैं इस मौके पर तहसीलदार पेशकार व नाजिर अरुण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे

## तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के नरी चौराहे के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान कानपुर देहात के नौबस्ता थाना क्षेत्र के खाड़ेपुर निवासी रवि राजपूत (पुत्र रामजीवन राजपूत) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रवि किसी काम से उन्नाव आया था और रात करीब 10 बजे अपनी बाइक से वापस लौट रहा था। नरी चौराहे के पास पहुंचते ही कानपुर-लखनऊ मार्ग पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रवि कई मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल रवि को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। रवि की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बताया कि रवि परिवार का एकमात्र सहारा था। परिजनों ने तेज रफ्तार बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने भी हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना है कि नरी चौराहे के पास अक्सर हादसे होते रहते हैं, लेकिन यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

# कैंप लगाकर विद्युत बिल में उपभोक्ताओं को दी जा रही छूट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत पाठकपुर पॉवर हाऊस द्वारा आज 1 दिसम्बर सुबह 10 बजे से 5 बजे तक सन्दीप जन सेवा केन्द्र असोहा के पास बिजली बिल छूट कैम्प लगाकर उपभोक्ताओं के बिल जमा किये गये जैसा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 1 दिसम्बर से 28 फरवरी तक बिजली बिल राहत योजना ₹पहले आये ज्यादा लाभ पाये₹ की सुरूआत की इस सम्बंध में जब जेई सन्तोष कुमार बिन्द से पूछा गया तो बताया कि प्रथम चरण में 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 100% ब्याज और 25% मूलधन में छूट मिलेगी द्वितीय चरण में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक 100% ब्याज और 20% मूलधन छूट मिलेगी तृतीय चरण में 1 फरवरी से 28 फरवरी तक 100% ब्याज 15% मूलधन में छूट मिलेगी सन्तोष बिन्द ने यह भी बताया कि जो विद्युत चोरी में जुमार्ना हुआ उन उपभोक्ताओ को भी प्रथम चरण में 50% छूट द्वितीय चरण में 45% छूट और तृतीय चरण में 40% तक छूट मिलेगी बिन्द ने यह भी बताया कि उपभोक्ता पंजीकरण करके आसान किस्तो में भी भुगतान कर सकते है और कल 2दिसंबर पाठकपुर, 3 दिसम्बर गोमापुर,4 दिसंबर भाऊमाऊ,5 दिसम्बर रानीपुर,6 दिसम्बर गोसाइखेड़ा, 7दिसम्बर ओग्रापुर,8 दिसम्बर दरेहटा-अचली,9 दिसम्बर समाधा,10 दिसम्बर चन्दनखेडा इसी तरह पॉवर हाऊस के सभी गाँवो में कैम्प लगाकर बिजली का बिल जमा किया जायेगा कैम्प में संतोष कुमार बिंद अवर अभियंता, मुनींद्र कुमार टी0जी0 , संतोष कुमार लाइनमैन , आशीष कुमार हेल्पर मवजूद रहे

## 80 वा सालाना उर्स कुल फतेहा के साथ हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मियांगंज विकास खंड के आसीवन कस्बे में स्थित सूफी संत सैयद इकरामुल हक उर्फ गुदड़ी बाबा का 80वां सालाना उर्स कुल की फातेहा के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर देश में अमन-शांति और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं। मिली जानकारी के अनुसार, गुदड़ी हक शाह बाबा के उर्स-ए-पाक में शनिवार को नमाज-ए-ईशा के बाद नूरानी जलवों के साथ गागर उठी। दरगाह पर पूरी रात महफिल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कव्वालों ने अपने कलाम पेश किए। रविवार को कुल की महफिल हुई। इसमें कव्वाल रिजवान ने अपने कलाम ₹जलाले इश्क में नूरे जमाल रखा है, हुजूर ने हमें हैरत में डाल रखा है, कहाँ ये हक के वली कहाँ ये आसीवन, खुदा की शान है गुदड़ी में लाल रखा है₹ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नमाज-ए-असर के बाद कुल की फातेहा के साथ देश में अमन-शांति और भाईचारे की विशेष दुआ की गई। दरगाह के सज्जादानशीन अनवर रहमान जिलानी सफवी हक्कानी ने सभी जायरीनों को तबर्रुक (प्रसाद) वितरित किया। इस अवसर पर शोएब बकाई खानकाहे मशहूदिया, अफसर मियां, समाजसेवी शुजाउर रहमान सफवी शुजा, हिलाल मुजीबी रज्जाकी, तल्हा अल्वी, महजर, चेयरमैन ब्रजकिशोर वर्मा बाबू जी, फैशल रहमान सफवी, सैफ रहमान सफवी, जैद रहमान सफवी, जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी, रहीश खान गुड्डू, शब्बीर अली शाह, पृथ्वी कुरील, सरला राठौर, अजय, विजय, करन स्वरूप सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इंटर कालेज से सेवानिवृत हुए परिचायक का किया गया विदाई समारोह

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के सुमेरपुर इंटर कॉलेज में परिचारक का भाव भीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर के पास स्थित प०शिवराजबली रामशंकर ई०कॉलेज में नियुक्त कलानी गाँव निवासी परिचारक राजेन्द्र कुमार के विदाई समारोह के दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने कहा लगभग 40 वर्षों की सेवा अवधि दौरान राजेन्द्र ने अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाया है। समय से स्कूल आने जाने के साथ पूरे कार्यालय का दामोदार उन पर टिका था। अपनी सेवाकाल के 60 वर्ष पूरे होने पर उनका रिटायरमेंट हम सबको ब्यथित करने वाला है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा परिचारक का माल्यार्पण कर शाल प्रतिमा आदि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक अरुण अवस्थी,शिव मोहन सिंह,नरेश मिश्रा,तेज कुमार, मुनेश्वर, हीरालाल, सुचेन्द्र, बीरेंद्र,संदीप मिश्रा, अतुल अवस्थी,अमित मिश्रा, राजाराम, रेखा मिश्रा,सुधीर यादव, व सहायक में श्यामू साहू, गोविंद बाबू, मुकुट, अर्चना,राजेश त्रिवेदी मौजूद रहे।

## संकटेश्वर महादेव मंदिर से चोरों ने पार कर दिया घंटे



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के टिकरा सामद गांव में स्थित संकटेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात चोरी की घटना हुई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर से घंटे चुरा लिए। सुबह जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर के घंटे गायब थे। मंदिर के गेट के ताले टूटे हुए नीचे पड़े थे। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। हालांकि, खबर लिखे जाने तक औरास थाने में इस संबंध में कोई भी शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज नहीं कराया गया था। ग्रामीणों में इस बात को लेकर असंतोष है कि रात में गश्त होने के बावजूद गांव के अंदर स्थित मंदिर से चोरी हो गई। वे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

## धनुष भंग व सीता स्वयंबर का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के सराय सकहन गांव में स्थित प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान धाम मंदिर में चल रही अनवरत 101 वर्ष पुरानी रामलीला परंपरा के तहत इस वर्ष भी धनुषभंग लीला के आयोजन के साथ संपन्न हुई। लीला में जनक दरबार, रावण बाणासुर संवाद, जनक विलाप, धनुष भंग और सीता स्वयंबर लीला का कलाकारों ने मनोहारी अभिनय कर सब का मन मोह लिया। मंदिर के पुजारी श्रीकांत पांडेय ने बताया कि परंपरानुसार अगहन मास के शुक्ल पक्ष के अंतिम शुक्रवार को रामचरितमानस पाठ के साथ लीला का मंचन किया जाता है। क्षेत्र की यह सबसे पुरानी लीला है, जिसकी शुरूआत राम लक्ष्मण जी की आरती के साथ की गई। इसके बाद क्रमशः राजा जनक दरबार, धनुष स्थापना, रावणझबाणासुर संवाद, जनक विलाप और प्रभू श्रीराम द्वारा धनुष खंडन के बाद सीता स्वयंबर लीला की प्रस्तुती दी गई। परशुरामझलक्ष्मण संवाद का सशक्त मंचन देख श्रद्धालुओं ने जयघोष कर वातावरण भक्तिमय कर दिया। अंत में परशुराम को जब यह ज्ञात होता है कि श्रीराम ही परब्रह्म के अवतार हैं, तो वे क्षमा याचना कर मिथिला से पुनः प्रस्थान करते हैं। प्रभावशाली झांकियों और संवादों से दर्शक भावविभोर हो उठे। रामलीला मंडल के अध्यक्ष अमित शुक्ला द्वारा उत्कृष्ट पात्र चयन और कुशल आयोजन की क्षेत्रभर में सराहना की गई। कार्यक्रम में शशीकांत पांडेय, रश्मि कांत, सुनीत, दीपक, अजीत पांडेय, परशुराम भूमिका में आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग रैकेट का खुलासा, एआरटीओ के तीन सिपाही निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में ओवरलोड वाहनों को अवैध रूप से पास कराने वाले सिंडीकेट के रैकेट का पदार्फाश होने के बाद परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया है। एआरटीओ के दो हमराहियों सहित तीन सिपाहियों को उनकी सीधी संलिप्तता उजागर होने पर निलंबित कर दिया गया है। जांच के दायरे में अब प्रवर्तन अधिकारी भी आ सकते हैं। कानपुर एसटीएफ के दारोगा राहुल सिंह परमार ने 11 नवंबर 2025 को ओवरलोडिंग से जुड़े बड़े खेल का खुलासा किया था। इस दौरान पाँच आरोपित—सुनील सचान, प्रदीप सिंह, श्रीकिशन, तारिक और नियाज अहमद—के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। सभी आरोपितों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि यह रैकेट लंबे समय से सक्रिय है और वह गिट्टी, मौरंग व बालू से भरे ओवरलोड ट्रकों को मोटी रकम लेकर जिले की सीमा से पार कराते थे पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि एआरटीओ प्रवर्तन संजीव कुमार सिंह के हमराही प्रदीप और रंजीत, तथा प्रवर्तन द्वितीय की अधिकारी प्रतिभा गौतम के हमराही सुरेंद्र की मिलीभगत से यह पूरा नेटवर्क संचालित होता था। ट्रक चालकों से वसूली गई राशि का हिस्सा परिवहन विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों तक भी पहुंचता था। उनके अनुसार यह रैकेट लगभग दो वर्षों से सक्रिय था और अब तक सैकड़ों ओवरलोड ट्रक व डंपर पास करा चुका था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से दोनों एआरटीओ और पीटीओ लगातार छुट्टी पर हैं। 24 नवंबर को एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने पुष्टि की थी कि तीनों अधिकारी अवकाश पर चले गए हैं और प्रवर्तन का कार्यभार अस्थायी रूप से उन्हें सौंपा गया है। परिवहन निदेशालय ने आरोपित सिपाहियों—प्रदीप, रंजीत और सुरेंद्र—को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अधिकारियों के अनुपस्थित रहने से सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। अनफिट और ओवरलोड वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है।

## पारिवारिक कलह से ऊब कर युवक ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत एक युवक ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पाकर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गाँव रामपुर खरही निवासी संजू पुत्र श्री पाल उम्र 35 वर्ष ने बीती रात घर के कमरे में अंदर से बंद कर पंखे के कुंडे से धोती से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार दिवंगत का तीन वर्षीय पुत्र जो उसके पास ही रहता था शुबह उसके पैरों से लिपटकर पापा नीचे उतर आओ कह चीख रहा था। घर के अन्य सदस्यों ने जब बच्चे की चीख सुनी खिड़की में लगे पर्दे को हटाते ही होश उड़ गए। संजू की साँसे रुक चुकी थी। आनन फानन में पुलिस को सूचना दिए जाने पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया । परिजनों के अनुसार उसका विवाह करीब 5 वर्ष पूर्व भगवंतनगर के बंधोवा गाँव मे हुआ था । उसकी पत्नी रानी से अनबन रहने के कारण वह मानसिक परेशान रहता था। कुछ दिन पूर्व ही जब वह ससुराल गया था उसी समय उसकी पत्नी किसी अन्य के साथ चली थी। इसी कारण वह मानसिक परेशान रहता था। दिवंगत के दो भाई वंश बहादुर व वाशुदेव व एक विवाहित बहन भगवानदेई के साथ माँ भोली का रो रो बुरा हाल है।

# ऑन लाइन हाजिरी का सचिवों ने किया विरोध

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड मियागंज की ग्राम पंचायतों में कार्यरत क्षेत्रीय सचिवों ने सोमवार ब्लाक मुख्यालय पर पहुंच कर ऑनलाइन उपस्थिति सिस्टम लागू किये जाने निर्णय का बिरोध किया कहा कि पोर्टल पर पूर्व से मौजूद फेसियल रिकॉग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम के माध्यम से जिओ फेंस्ड अटेंडेंस प्लेटफार्म & फ्रेमवर्क पंचायती राज से संबंधित पीपीटी भी जारी किया गया है शासन के उपर्युक्त पत्र के संदर्भ में अभी तक निदेशक पंचायतीराज या आयुक्त ग्राम्य विकास महोदय द्वारा जनपदों को कोई दिशा निर्देश नहीं दिया गया है लेकिन हमेशा की तरह पुनः प्रदेश के कुछ विकास खंडीय एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली से उपस्थिति दर्ज करने हेतु बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराए रोस्टर एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु पत्र लिखकर दबाव बनाने की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है सचिवों के ऊपर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने से संबंधित पत्र जारी होने के तत्काल बाद दिनांक 10 नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, दिनांक 11 नवंबर 2025 को ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तथा दिनांक 14 नवंबर 2025 को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा उपर्युक्त प्रणाली को लागू किए जाने पर पुनर्विचार कर स्थगित करने के संदर्भ में शासन को तथ्यपरक व्यवहारिक विसंगतियों से अवगत कराते हुए ग्राम सचिवों को समुचित संसाधन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध भी किया गया है फिलहाल शासन द्वारा अभी तक हमारे पत्रों का कोई संज्ञान नहीं लिया गया है तथा लगातार पूरे प्रदेश के क्षेत्रीय सचिवों पर उनके मूल विभाग प्रदेश में वर्तमान में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लागू करने हेतु शासन प्रशासन द्वारा आपके प्रादेशिक संगठनों के साथ बिना किसी सम्यक समीक्षात्मक बैठक किए ,स्वेच्छाचारिता के साथ एकतरफा मनमाने ढंग से ग्राम पंचायतों में जिस व्यवस्था को थोपने हेतु प्रयास किया जा रहा है

## तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर डंपर ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय इंदल निवासी कन्हैया लाल 50 पुत्र सुंदरलाल काफी समय से परिवार समेत कानपुर में रहता है। सोमवार सुबह वह स्कूटी से अपने घर सराय इंदल आ रहा था। इस दौरान अजगैन कोतवाली क्षेत्र में मिश्रीगंज गांव के पास राजमार्ग पर गलत दिशा से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में कन्हैया लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

## मार्ग दुर्घटना में दो युवकों की मौत एक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बीती रात अलग-अलग क्षेत्र में हुई मार्ग दुर्घटनाओं में बेहटा मुजावर क्षेत्र निवासी दो लोगो की मौत हो गई। जबकि तीन व्यक्ति गंभीर घायल हुए है। जिनका इलाज चल रहा है। दोनो के शवो को पुलिस ने पोस्टमार्टम भेजा है। पहली घटना में बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के नारायणखेड़ा निवासी अनिल अपने 14 वर्षीय बेटे संतोष और चचेरे भाई मंगे के साथ भांजे की बारात में शामिल होने हरदोई जिले के सिंधवल गांव गया था। जहां से लौटते समय बीती मध्यरात करीब बांगरमऊ संडीला मार्ग पर सई नदी पुल के निकट एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें हरदोई जिले के कासिमपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां बेटे संतोष को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया वही पिता अनिल और चाचा मंगे को रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर हरदोई पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चर्चा है कि टक्कर मारने वाली बुलेरो कार भी उसी बारात में गई थी। वहीं दूसरी घटना में बेहटा मुजावर थाना के पोहपी खेड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय अजय पुत्र बोड़े रविवार शाम रिश्तेदार की बारात में शामिल होने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र गया था। जहां से बांगरमऊ निवासी अपने साले के साथ लौट रहा था।

## सम्पादकीय

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार ने डेड कहने वालों को दिया जवाब

देश की विकास दर ने उन लोगों को करारा तमाचा मारा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ रही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत की विकास दर ने एक बार फिर कमाल किया है। कमाल भी ऐसा कि अर्थशास्त्री भी हैरान हैं। उनका अनुमान था कि भारत की जीडीपी लगभग 7.4 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, लेकिन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8.2 फीसदी की मजबूत विकास दर दर्ज की है। नॉमिनल जीडीपी में भी 8.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि दर पिछले साल की समान अवधि 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है और पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण और वित्तीय क्षेत्रों में हुई मजबूत वृद्धि को जाता है। जो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। इस वृद्धि के पीछे गांवों में बढ़ी हुई मांग और सरकारी खर्च का बड़ा हाथ है, जबकि महंगाई दर निचले स्तर पर बनी हुई है। विनिर्माण और निर्माणः द्वितीयक क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें विनिर्माण का 9.1 और निर्माण का 7.2 फीसदी का योगदान रहा। इसमें खेती-बाड़ी और खनन उद्योग शामिल हैं। इस साल दूसरी तिमाही में इन क्षेत्रों ने सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.5 थी। खनन क्षेत्र में थोड़ी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 0.04 फीसदी सिकुड़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 0.4 सिकुड़ा था। देश की आर्थिक ग्रोथ को गांवों की मजबूत अर्थव्यवस्था, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट से सहारा मिला है। सरकारी पूंजीगत व्यय सितंबर तिमाही में 31 फीसदी बढ़ा है। हालांकि यह पिछली तिमाही के 52 के उछाल से कम है, लेकिन पिछले साल के 10 फीसदी ग्रोथ से काफी बेहतर है। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने के बावजूद निर्यात ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल इसी अवधि में 7 की गिरावट से उलट है। हालांकि माना यह भ्ज्ञी जा रहा है कि अमेरिका में टैरिफ लगने से पहले निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट ने इसमें मदद की। घरेलू खपत, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत हुई। गांवों में बेहतर कृषि उत्पादन के कारण वहां खर्च बढ़ा। हालांकि, शहरों की मांग और निजी निवेश अभी भी धीमे बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक के चलते पूरी दुनिया में भू-राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति और प्रभाव बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार नए आयाम हासिल कर रही है। ऐसे में लगातार मजबूत होती जीडीपी ग्रोथ बता रही है कि भारत की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। इस समय भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह वर्तमान में अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। हालांकि, उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रैल 2025 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया था। अब हम जर्मनी को पछाड़ने की तैयारी में लगे हैं। अगर यही रफ्तार रही तो देश को वर्ष 2030 तक का इंतजार नहीं करना होगा।



सुरक्षा
अवधेश कुमार

# आतंक के व्यापक तंत्र का उत्तर कैसे दें

> आतंकियों ने दिल्ली में लाल किले पर अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि इनकी काफी पहले से ही कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय कड़ी सुरक्षा के कारण सफल नहीं हो पाई।

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंक का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरुआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी, जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमला की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ. उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।

विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी श्रृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'थ्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है



या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉक्टर शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी, इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है। बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया। पठानकोट से गिरफ्तार डॉक्टर रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉक्टर फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बड़गांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू-कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से। डॉ उमर नबी के मोबाइल को तोड़ कर फेंकने वाला परिवार ही था। एनआईए को उसके भाई ने बताया कि डॉ उमर नबी यहां आया था और उसने कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई समाचार आए तो मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना और हमने फेंक दिया। क्या भाई और परिवार ने उससे नहीं पूछा कि कौन सा समाचार आएगा? क्या समाचार आने के बाद उनका दायित्व नहीं था कि पुलिस के पास मोबाइल पहुंचाएं? आखिर उसने तो अपने को उड़ा लिया था और उसे बचाने की भी समस्या नहीं थी? इसी तरह डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की भूमिका अभी तक संदिग्ध मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज बता रहे हैं कि उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि मेवात क्षेत्र गुरुग्राम, नूंह और आसपास से ही 20 क्विंटल से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा गया था। विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद भी उमर ने मेवात से ही खरीदी थी। स्वयं को कार में उड़ाने के पूर्व उमर नबी का मेवात जाना, होटल में भोजन करना, काफी देर तक रुकना आदि के कोई निहितार्थ हैं या नहीं? अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश के अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

मंथन
अरविंद जयतिलक



# अरुणाचल पर फिर चीन की गिद्ध दृष्टि

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस तरह शंघाई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट इनवैलिड किए और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला है। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया था। तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यास्पद् बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। बहरहाल चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे। इसलिए कि चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणांचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाए है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था


## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, 'अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– महेश त्यागी, जगदलपुर

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं



चक्रवात दित्वा के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सशक्तिकरण को बढ़ावा



असम में मुसलमान समुदाय लगभग 20-30 विधानसभा सीटों की विजय तय करता है, लेकिन कई दशकों तक असम में मुस्लिम बहनें विधायक नहीं बन सकीं। बहुविवाह और बाल विवाह को रोककर हम इनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### लोकतंत्र से धोखाधड़ी



एसआईआर लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरुक हो। आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मेरी प्रकृति ही ऐसी



मैं एक ही चीज बार-बार नहीं करना चाहता। मेरी व्यक्तिगत प्रकृति ही ऐसी है कि मैं अलग-अलग कहानियां चुनता हूं और मैं हमेशा उसी चीज पर काम करता हूं, जो मुझे व्यक्तिगत तौर पर उत्साहित करती है।

-आमिर खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के बाढ़ राहत कार्य में सहयोग करेगा पोत 'विक्रांत'

श्रीलंका में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव और राहत अभियानों में भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि यह स्वदेशी विमानवाहक पोत 'अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' 2025 की तैयारियों के तहत 25-26 नवंबर को कोलंबो में तैनात किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान 'डिटवा' के कारण गंभीर मौसम के बीच जारी राहत कार्यों के लिए आईएनएस विक्रांत के विमानों के उपयोग हेतु औपचारिक अनुरोध किया गया था। श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 56 हो गई है, जबकि 21 लोग अब भी लापता हैं।



## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है।



## संक्षेप

### दीवानी न्यायालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**300 अधिवक्ताओं ने पंजीकरण कराया, मुफ्त जांच व दवा वितरण**

सुलतानपुर, दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर अधिवक्ता फोरम, दीवानी न्यायालय सुल्तानपुर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल, बघराजपुर के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच करना था, जो अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अक्सर स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के शुरूआती ढाई घंटों में ही लगभग 200 अधिवक्ताओं ने स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पंजीकरण कराया था। शिविर में अधिवक्ताओं को निःशुल्क दवा वितरण के साथ-साथ रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इसमें शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन स्तर जैसी महत्वपूर्ण जांचें मुफ्त में की गईं। आयोजकों ने बताया कि कुल 300 अधिवक्ताओं ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना पंजीकरण कराया।

### भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का प्रदर्शन

**सुल्तानपुर में किसान समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग, काई बार शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई**

सुलतानपुर, भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने शनिवार को किसान समस्याओं को लेकर तिकोनिया पार्क पर प्रदर्शन किया। संगठन ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर विभिन्न लंबित मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र और जिला महासचिव मो. इद्रीश शेख ने बताया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए मासिक बैठकों में कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में ग्राम सहरी, थाना कुरेभार निवासी अरुण कुमार पुत्र बुद्धराम से संबंधित नाली विवाद का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि थानाध्यक्ष के हस्तक्षेप से नाली का निर्माण कराया गया था, जिसमें विपक्षी ने नाली को भूमिगत रखने का वादा किया था, लेकिन नाली ऊपर बनाई गई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 210 मरीजों की जांच

**ग्लोबल हुसैनी मिशन और नोबलरे सोसाइटी ने किया आयोजन, मेदांता के डॉक्टर पहुंचे**

सुलतानपुर, ग्लोबल हुसैनी मिशन और नोबलरे सोसाइटी ने एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। बीडीएम इंटर कॉलेज, सुरौली में आयोजित इस शिविर में कुल 210 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी), एसपीओ2, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, हीमोग्लोबिन (एचबी), ब्लड प्रेशर और एचबी टाइपिंग टेस्ट शामिल थे।

# अपहृता किशोरी सकुशल बरामद, परिजनों को किया सुपुर्द

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा गुमशुदा/अपहृत व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस को सफलता मिली है। थाना रुपईडीहा में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित अपहृता किशोरी को रूपईडीहा पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव अपनी टीम के साथ 30 नवंबर 2025 को




मुखबिर की सूचना पर बाबागंज बाजार पहुंचे। पुलिस टीम ने करीब 13:50 बजे 16 वर्षीय अपहृता निवासी दुगार्पुर थाना रुपईडीहा, को बाबागंज बाजार से सकुशल बरामद किया।बरामदगी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**क्या कहते है लड़की के पिता**

इस संबंध में जब लड़की के पिता से बात किया गया तो उन्होंने बताया की लड़की बरामद कर ली गई है। लड़की अभी पुलिस अभिरक्षा में है पुलिस ने बताया है कि मजिस्ट्रेट बयान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेरी लड़की की उम्र अभी 16 वर्ष है और वह नाबालिग है।

**इस संबंध में क्या कहते है थाना प्रभारी रूपईडीहा**

इस संबंध में जब रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत से बात किया गया तो उन्होंने कहा की लड़की सकुशल बरामद कर लिया गया है। अपहरण कर्ता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हो गया है। लड़की की मजिस्ट्रेट बयान होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# फाइनल मुकाबला में एमरल्ड टीम ने मारी बाजी

**डा. अभिलाषा वर्मा व डा. केके वर्मा ने विजेता टीमों को किया सम्मानित**

### तीन दिवसीय स्पार्क स्पेक्ट्रा सेशन-2 का समापन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। स्पार्क कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज एंड अलादादपुर में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स एंड सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पार्क स्पेक्ट्रा 2025 सेशन -2 का समापन हुआ। स्पोर्ट्स कार्यक्रम में तीन टीमों का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें प्रथम विजेता में एमरल्ड टीम, द्वितीय विजेता में सफायर टीम व तृतीय विजेता में डायमंड टीम रही। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशिका डॉ अभिलाषा वर्मा व वरिष्ठ चिकित्सक डा. केके वर्मा रहे। डा. अभिलाषा वर्मा व डा. केके वर्मा ने सभी विजेता टीमों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित




किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कार्यक्रम से कालेज स्तर के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है।कार्यक्रम का संचालन अरविंद राजभर, श्रीनू बीआर, श्रीजा नायर, मंजुला आर व राजकुमार यादव ने किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल मुहासिन, वंदना, शिवम, स्नेहा, श्रीजा, संदीप, टोनू, सोनिया, सनी, राकेश, निष्कर्ष, विमल, उमेश, सत्य प्रकाश, शशांक, सूची, आयुषी, अमिता, दीपमाला, राजकुमार, पुष्पेंद्र, उत्तम शुक्ला समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# क्षेत्रवासियों ने धूमधाम से मनाया विधायक नानपारा का जन्मदिन

**स्वस्तिक लॉन नानपारा मे नानपारा विधायक को दी जन्मदिन की बधाई**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। लोकप्रिय नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा अपना दल (एस) एवं नेता विधान मंडल दल का जन्मदिन सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों, चिंतको, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। विधायक रामनिवास वर्मा को जन्मदिन की बधाई देने के लिए तड़के सुबह से ही बहराइच शहर स्थिति आवास पर बधाई देने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ना शुरू हो गया जो पूरे दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई के क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज के नेतृत्व में स्वास्तिक लॉन नानपारा पहुंचकर श्रीवर्मा को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता भेंट कर उनकी दीघार्यु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक रामनिवास वर्मा ने जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाओं के लिए



तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर जीतेन्द्र शर्मा, विनोद गिरि, रमेश सोनकर, वैभव सिंह, सरवन वर्मा, अलोक वर्मा, विपुल सिंह, शैलेन्द्र यादव आदि उपस्थिति रहे।

# बस की टक्कर , छात्रा की मौत

**स्कूल से लौट रही थी, पिता-बहन गंभीर घायल, पिता प्रयागराज रेफर**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, नगर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कक्षा आठ की छात्रा की मौत हो गई। सराय खंडे राय पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें छात्रा के पिता और बड़ी बहन गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने घायल पिता को प्रयागराज रेफर कर दिया। यह हादसा कटरा विकास भवन मार्ग पर उस समय हुआ जब पिता अपनी दोनों बेटियों, 15 वर्षीय वंशिका शर्मा और 17 वर्षीय वर्षा शर्मा को स्कूल से लेकर घर लौट रहे थे। तभी एक प्राइवेट बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कक्षा आठ की छात्रा वंशिका शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। उनके पिता



और बड़ी बहन वर्षा शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पिता की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल प्राइवेट बस को भी जब्त कर लिया है और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। शिव सिटी के प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि बस चालक और बस को हिरासत में ले लिया गया है।

# एसकेएस नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने कालेज से चेतरा व सबलापुर गांव में विश्व एड्स दिवस की रैली निकाली और हाथों में दफ्तियां लेकर एडस दिवस का यह है नारा, एड्स मुक्त हो देश हमारा समेत विभिन्न नारों व पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक






किया। नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि एड्स एक ऐसी बीमारी है इस बीमारी को सिर्फ और सिर्फ परहेज व उचित जानकारी से ही कम किया जा सकता है। इस मौके शिक्षिका संगीता पाल, फूलचंद डावरिया, राहुल श्रीवास्तव, चन्दन शर्मा, उदय वर्मा, सौम्या सिंह, आंचल सिंह, फरहत खान, सौम्या सिंह, ईशा वर्मा, लवीशा प्रजापति, अर्पिता, दीक्षा श्रीवास्तव, अनुराधा, भूमिका चौधरी, मोनिका समेत अन्य मौजूद रहे।

# बीएलबीसी की बैठक आयोजित

**एडीओ और एलडीएम ने ग्रामीण विकास योजनाओं पर की चर्चा**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, संग्रामपुर विकासखंड सभागार में बीएलबीसी (ब्लॉक स्तरीय बैंकर समिति) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक अमेठी राजीव पाण्डेय और एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष रोजगार योजना समूह के सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक संग्रामपुर उपेंद्र यादव, महिमा सिंह, आरसेटी गौरीगंज से हेमंत कुमार, संग्रामपुर में तैनात बीएमएम त्रिलोचन सिंह और महिला बीएमएम नीरज सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में, खंड



विकास अधिकारी (बीडीओ) आकांक्षा सिंह ने ब्लॉक में मौजूद सभी ग्राम सचिवों के साथ एक अलग बैठक की। उन्होंने इस दौरान एसआईआर (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) की प्रगति और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की।

# महिला सिपाही ने सुसाइड का स्टेटस लगाकर जान दी

**अलीगढ़ में वॉट्सऐप देख सहेली पहुंची तो लटकी मिली; परिवार शादी करने वाला था**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, एक महिला कॉन्स्टेबल ने सुसाइड कर लिया। मरने से पहले उसने वॉट्सऐप पर सुसाइड का स्टेटस लगाया, जिसे साथी महिला सिपाही ने देख लिया। इसके बाद वह पुलिस टीम के साथ महिला कॉन्स्टेबल के घर पहुंची। देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिसकर्मी अंदर घुसे। आंगन में लगे जाल से महिला सिपाही लटक रही थी। उसे आनन-फानन में फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 28 साल की महिला कॉन्स्टेबल हेमलता आगरा के किरावली के गांव बैमन की रहने वाली थी। वह 2016 बैच की सिपाही थी। उसकी तैनाती



अलीगढ़ के रोरावर थाने में थी। हेमलता बन्नादेवी इलाके में किराए के मकान में रहती थी। फिलहाल, महिला सिपाही ने स्टेटस में क्या लिखा था, यह अभी तक सामने नहीं आया है। फोरेंसिक टीम ने उसके कमरे की तलाशी ली। सिपाही ने सुसाइड क्यों किया, यह भी अभी तक क्लियर नहीं हुआ है।

बताया जा रहा है कि आज वह ड्यूटी पर भी नहीं गई थी। महिला सिपाही के पिता करमवीर सिंह किसानी करते हैं। घर में पिता, मां वैजयंती देवी, दो भाई और एक बहन रहती हैं। हेमलता सबसे छोटी थी।

एक बहन और बड़े भाई की शादी हो गई है। अब हेमलता की शादी के लिए लड़का ढूंढा जा रहा था। पड़ोसी मुक्ति शर्मा ने बताया- 'महिला सिपाही बहुत सीधी थी। हम सभी से जो भी आते-जाते दिखता था, उससे अच्छे से बात करती थी। उसके कमरे पर भी हमने कभी किसी को आते-जाते नहीं देखा। उसके मकान मालिक नरेंद्र विश्नोई भी पुलिस में हैं।'

# पुवायां में सहायक अध्यापक और कंट्रोल रूम प्रभारी में मारपीट

**दोनों पक्षों ने पुलिस को दी तहरीर , जांच जारी**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पुवायां के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में मतदाता निरीक्षण कार्य (एसआईआर) कंट्रोल रूम के प्रभारी और एक सहायक अध्यापक के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कंट्रोल रूम प्रभारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कंट्रोल रूम में बैठे थे। सहायक अध्यापक, जिनकी ड्यूटी बीएलओ की सहायता के लिए नगर के प्राथमिक विद्यालय मठिया केंद्र पर थी, वह अपनी ड्यूटी पर न जाकर कंट्रोल रूम में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। कंट्रोल रूम प्रभारी के अनुसार, जब उन्होंने सहायक अध्यापक से केंद्र की




जानकारी पूछी तो वह गाली-गलौज करने लगे और अधिकारियों को भी अपशब्द कहे। थोड़ी देर बाद सहायक अध्यापक अपने 10-15 साथियों के साथ आए और कार्यालय के मुख्य गेट के पास घेराबंदी कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद वे धमकी देकर चले गए। वहीं, सहायक अध्यापक ने भी घटना के दिन ही पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि एक शिक्षामित्र ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उनके साथ मारपीट की थी। थाना कार्यवाहक राजेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# बिजली बिल वसूली के दौरान कर्मचारी पर हमला

**काम में बाधा डाली और गाली-गलौच किया, एक आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, जेठवारा थाना क्षेत्र में बिजली बिल वसूली के दौरान एक कर्मचारी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आदर्श गौतम उर्फ शानू




गौतम को पीपल का पेड़ पूरे तोरई मोड़ के पास से पकड़ा गया है। ग्राम पूरे तोरई में 33/11 केवी विद्युत बिल वसूली के दौरान हुई थी। आरोप है कि नवल किशोर उर्फ सुनील और शानू गौतम ने वसूली कार्य में बाधा डाली और गाली-गलौज की। थोड़ी दूरी पर, दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर आरोपियों ने निविदा कर्मचारी पर लोहे की रॉड और सरिया से हमला किया। इस हमले में कर्मचारी का बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी आदर्श गौतम ने बताया कि 31 अगस्त 2025 को बिजली कर्मचारी उनके घर बकाया राशि वसूलने गए थे और भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी थी। इसी धमकी के संबंध में वह अपने भाई के साथ बिजली घर कटरा गुलाब सिंह जा रहे थे। आरोपी के अनुसार, रास्ते में ही उन्हें बिजली कर्मचारी मिल गए। बिजली काटने की धमकी को लेकर उनसे विवाद हो गया, जिसमें धक्का-मुक्की हुई और एक कर्मचारी गिर पड़ा।

# बिना पंजीकरण अस्पताल पर छापेमारी

**दुगार्पुर रोड स्थित धर्मार्थ चिकित्सालय में भर्ती मिले मरीज**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, स्वास्थ्य विभाग ने दुगार्पुर रोड बाईपास स्थित एक धर्मार्थ चिकित्सालय पर छापा मारा। यह कार्रवाई किसान मजदूर सेवा संस्थान की शिकायत के बाद की गई, जिसमें अस्पताल के बिना पंजीकरण और बिना अनुमति के संचालित होने का आरोप था। शिकायत में कहा गया था कि अस्पताल में अयोग्य डॉक्टरों और स्टाफ द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं। आरोप था कि यहां इलाज के नाम पर जनता का शोषण हो रहा है और कार्यरत स्टाफ के पास न तो योग्यता है और न ही मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि खून जांच और पंजीकरण के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। अस्पताल में कार्यरत व्यक्तियों के पास



चिकित्सकीय कार्य करने की कोई वैध अनुमति नहीं है, जिससे गरीब मरीजों की जान जोखिम में डाली जा रही है। छापेमारी एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद मिश्र और पी.के. उपाध्याय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की। टीम ने अस्पताल के सभी कमरों की जांच की, जहां कई मरीज भर्ती पाए गए। इनमें से एक मरीज को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। टीम ने अस्पताल में पंजीकरण, चिकित्सकों के प्रमाणपत्र, दवाओं के स्टॉक, मरीज रजिस्टर और लैब उपकरणों सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। एसीएमओ डॉ. मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### रिटायर्ड शिक्षक से 9.58 लाख का फ्रॉड

**आईजीएल गैस का बिल जमा करने का झांसा दिया, एप डाउनलोड कराकर रुपए निकाले**

नोएडा, साइबर ठगों ने आईजीएल बिल जमा नहीं होने के झांसा देकर रिटायर्ड शिक्षक का बैंक खाता खाली कर दिया। ठगों ने ऑनलाइन बिल जमा कराने के बहाने खुद लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराई। फिर शिक्षक के बैंक खाते से 9.58 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर 50 के रहने वाले आदित्य कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उन्होंने घर पर आईजीएल गैस कनेक्शन लिया हुआ है। 25 नवंबर की शाम उनके पास आईजीएल कर्मी बनकर एक ठग ने फोन किया। पिछले महीने के गैस बिल का भुगतान नहीं होना और दो घंटे में कनेक्शन कटने की चेतावनी दी। आदित्य ने बिल जमा कराने की बात कही, लेकिन कर्मी अपनी बात पर अड़ा रहा। तकनीकी दिक्कत के चलते विभाग को पेमेंट नहीं होने का दावा किया। बुजुर्ग आदित्य बातों-बातों में समाधान पूछ बैठे तो ठग ने घर बैठे ही एप पर पेमेंट करने का सुझाव दिया। इसी बीच वाट्स अप पर एक लिंक भेजकर डमी एप डाउनलोड करा ली। फिर क्या था। ठगों ने आदित्य के मोबाइल का पूरा नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया। आदित्य को बातों में उलझाए रखा। दूसरी ओर ठग ने आदित्य और उनकी पत्नी के बैंक खाते से धड़ाधड़ रकम उड़ानी शुरू कर दी। सवा पांच से पौने छह बजे तक आधे घंटे में छह बार में 9.58 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। उसके बाद आदित्य से संपर्क तोड़ लिया।

### पेंशनरों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन, भारी संख्या में लोग मौजूद**

गाजियाबाद , वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पेंशनरों ने अपनी प्रमुख लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस धरने में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश पाल सिंह और जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पेंशनर एकत्र हुए। सभा का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश चंद्र अग्रवाल ने किया। विभिन्न विभागों–जैसे पुलिस, न्याय विभाग, राजस्व, नगर निगम, जीडीए, कोषागार, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण आदि से आए पेंशनरों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखते हुए सरकार से जल्द कार्रवाई की अपील की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने 9 मुख्य मांगें रखी, जिनमें राशिकरण अवधि 15 से घटाकर 11 वर्ष करना, पेंशनरों को डिजिटल परिचय पत्र जारी करना, पेंशन सलाहकार समिति में संस्थान के प्रतिनिधियों को शामिल करना, विधवा बहू को पेंशन की पात्रता में लाना, सचिवालय के लिए स्थाई पास जारी करना और कोषागार सॉफ्टवेयर में संशोधन कर पेंशन और जीवन प्रमाण पत्र से जुड़ी सूचनाएं एसएमएस के माध्यम से देने जैसी मांगें शामिल थीं।

# बाइक दुर्घटना में जिला पंचायत के भाई समेत एक अन्य की मौत

**एक घायल का चल रहा उपचार परिवार में मचा कोहराम**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुहा कस्बे में विगत रात्रि हुई बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई वहीं एक घायल का कानपुर लाला लाजपत राय अस्पताल में उपचार चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर मोड़ स्थित एक गेस्ट हाउस में अपने मित्र की बहन की शादी समारोह में गए हैलट अस्पताल कानपुर में एक्सरे टेक्निशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 24 वर्षीय शिवम कनौजिया पुत्र स्वर्गीय राम किशन कनौजिया निवासी कस्बा अमौली थाना चांदपुर 22 वर्षीय अमित कुमार पुत्र गोपीचंद्र निवासी ग्राम बकालपुर जनपद एटा 23 वर्षीय पुनीत तिवारी पुत्र सुजीत तिवारी निवासी हरईया थाना



पिहानी जनपद हरदोई शादी समारोह से वापस लौट रहे थे वही खजुहा कस्बे के समीप मध्य रात्रि लगभग 12 बजे एक ट्रांसफार्मर से अनियंत्रित होकर बाइक टकरा गई जहां अमित शिवम तथा पुनीत तीनों युवक बुरी तरह घायल हुए आनन फानन तीनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने अमित कुमार तथा शिवम कनौजिया को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल पुनीत तिवारी को प्राथमिक उपचार के पश्चात लाला लाजपत राय अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा वही शव विच्छेदन गृह से पोस्टमार्टम के पश्चात मृतकों के शव उनके निज निवास पहुंचे जहां अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ जुट गई

**कन्नौज जनपद के जलालाबाद द्वितीय से जिला पंचायत है बहन**

मृतक शिवम का शव अमौली पहुंचते ही कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिवम के पिता का देहावसान लगभग 2 दशक पहले हो चुका था मेहनत मजदूरी करते हुए

मां कमलेश कुमारी ने अपने दो बेटे चार बेटियों का भरण पोषण किया कठिन परिश्रम के कारण सफलता मिली जहां वर्तमान में बड़ी बहन संगीता देवी कन्नौज जनपद के जलालाबाद द्वितीय जिला पंचायत क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्या हैं वही मृतक की दो बहन ज्योति तथा आरती फतेहपुर जनपद के ही विद्यालय में सरकारी शिक्षक के रूप में नियुक्त है छोटा भाई सत्यम उत्तर मध्य रेलवे में नौकरी कर रहा है तथा एक बेटी पूजा अविवाहित है सूचना मिलने पर रिश्तेदारों समेत सभी भाई-बहन मौके पर पहुंचे तथा कल मृतक शिवम का अंतिम संस्कार संपन्न हुआ

# खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने लहराया परचम



अमन लेखनी समाचार

मलवां, फतेहपुर। जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत सांदीपनी पब्लिक स्कूल आदमपुर कोरसम के खेलकूद मैदान प्रांगण में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक आशीष सिंह जन सेवक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया समूची खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय समेत क्षेत्र के अन्य महरहा बिंदकी चौडगरा पधारा आदि दर्जनों विद्यालयों के बच्चों ने अपने-अपने दांव आजमाएं खेल कूद अंतर्गत दौड़ कबड्डी लंबी कूद आदि अनेकों प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जहां अपनी-अपनी प्रतियोगिताओं में दीपांशी शुभ यश सिंह आयुष आदि ने प्रथम स्थान अहमद राधिका अभिराज को द्वितीय तथा श्रेजल माही इरफान ताजिया खान आदि ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपने-अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया विद्यालय के प्रबंधक आशीष सिंह जन सेवक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित किया इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह कुलदीप साहू प्रीति गौतम आलोक गौड ऊषा सिंह अनूप पाण्डेय समेत क्षेत्रीय विद्यालयों के भी दर्जनों शिक्षक व दर्शक गण मौजूद रहे

# केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने रनिंग ट्रैक का किया उद्घाटन

**82 लाख के सिंथेटिक ट्रैक पर दौड़े, अखिलेश पर साधा निशाना**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी बागपत पहुंचे। उन्होंने अपनी सांसद निधि से 82 लाख रुपए की लागत से बने सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद जयंत चौधरी ने स्वयं ट्रैक पर दौड़ लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि यह निर्माण उनकी सांसद निधि से हुआ है। अखिलेश यादव के एक बयान पर टिप्पणी करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि अभी उनका भय बोल रहा है।



उन्होंने लोकतांत्रिक प्रणाली, प्रक्रिया और संस्थाओं का सम्मान करने, लोगों को आगे आकर प्रक्रिया में शामिल होने और अपने वोट को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने मेरठ में खेल को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों और खेल उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़े अभियान की शुरूआत की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य खेल उद्योग से जुड़े उद्यमियों और कौशल विकास की संभावनाओं को पूरा करना है। जयंत चौधरी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को इसमें आगे आना चाहिए।

# मुसलमान को मकान बेचा, हिंदू संगठनों का हंगामा

**थाने में हनुमान चालीसा पढ़ी; डेढ़ करोड़ में बेचा था; खरीदार की तबीयत बिगड़ी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, दूसरे समुदाय के व्यक्ति को मकान बेचने को लेकर कई हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए। थाने पर धरना शुरू कर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। उनका साफ कहना है कि हिंदू परिवारों का पलायन नहीं होने देंगे। उन्होंने मकान वापस दिलाने की मांग की। हिंदू संगठन के लोगों से बात करने एसडीएम और सीओ भी थाने पहुंचे। उनसे पूरी बात सुनी। इसके बाद मकान खरीदने वाले सईद अहमद को थाना बुलाया गया। पत्नी के साथ थाने के लिए घर से निकले सईद की रास्ते में तबीयत बिगड़ गई। वह चक्कर खाकर गिर पड़ा। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। धरना देने वालों ने पुलिस



पर चाबी लेकर वापस देने का आरोप लगाया है। मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र का है।

थाना परिसर में धरने की सूचना मिलते ही सीओ कैंट नवीना शुक्ला मौके पर पहुंच गईं। तब तक इस मामले को लेकर थाने में धरना दे रहे लोगों के दो गुट बन गए। एक गुट ने सीओ से ऑफिस में पहुंच कर बात की और सौदा रद्द करने के लिए कहा। सीओ ने भरोसा भी दिलाया, लेकिन धरने पर बैठे सचिन सिरोही ने धरना खत्म करने से इनकार कर दिया। सीओ सचिन सिरोही से बात करने धरनास्थल पर पहुंची, लेकिन बात नहीं बनी। एसडीएम सदर ने भी समझाने का प्रयास किया, लेकिन धरने पर बैठे लोग मानने को तैयार ही नहीं थे।

# भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति पार्टी का 8वां स्थापना दिवस

**बागपत के पाली गांव में उत्साह के साथ मनाया गया**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पाली गांव में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति पार्टी का 8वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भीड़ उमड़ी, जिससे कार्यक्रम स्थल पर उत्सव का माहौल रहा। समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनसेवा के प्रति संकल्प को दोहराया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की आवाज उठाती रही है। नेताओं ने संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की निष्ठा और समर्पण ही पार्टी की असली ताकत है, जिसके बल पर संगठन ने आठ वर्षों की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की है। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवा कार्यकताओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई और संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया। मंच से कई पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक समरसता और संगठन की एकजुटता दशार्ने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनका उपस्थित जनसमूह ने आनंद लिया।

# दो पक्षों में झड़प, एक पक्ष के 3 लोग घायल

- बागपत में मामूली बात पर हुआ विवाद, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

अमन लेखनी समाचार

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र की इंदिरा कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बच्चों द्वारा एक दीवार पर अपशब्द लिखने के बाद शुरू हुए इस विवाद में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार, बच्चों द्वारा दीवार पर अपशब्द लिखे जाने के बाद दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट और पथराव में बदल गई। इस दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के बाद दोनों परिवारों ने एक-



दूसरे पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह मामला दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। पुलिस पूरे मामले पर कड़ी निगरानी रख रही है ताकि स्थिति और न बिगड़े।

# ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट तोड़कर दिए नए हेलमेट

**रोटरी क्लब के साथ मिलकर चलाया विशेष अभियान, लोगों को बांटे गए हेलमेट**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, परी चौक पर ट्रैफिक पुलिस और रोटरी क्लब ने मिलकर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को नए हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही, खराब गुणवत्ता वाले हेलमेट पहने लोगों को उनके हेलमेट तोड़कर सुरक्षा का महत्व समझाया गया। अभियान के तहत, जिन लोगों ने चालान से बचने के लिए स्थानीय या घटिया हेलमेट पहने थे, पुलिस ने उन्हें बताया कि ऐसे हेलमेट जान नहीं बचा सकते। पुलिस ने उनके पुराने हेलमेट तोड़कर उन्हें कंपनी के अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराए। रैपिडो और अन्य बाइक सवारों को भी आम लोगों को अच्छे हेलमेट उपलब्ध




कराने के लिए प्रेरित किया गया। डीसीपी यातायात परवीन रंजन ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उनसे बात की और हेलमेट वितरित किए। उन्होंने चालकों को संबोधित करते हुए कहा, ये हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं हैं, बल्कि ये आपकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनका इस्तेमाल सुनिश्चित करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में गंभीर चोट से बचा जा सके। इस पहल के दौरान, यातायात पुलिस कर्मियों ने उन दोपहिया वाहन चालकों को भी रोका जो खराब गुणवत्ता वाले या टूटे हुए हेलमेट पहने हुए थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें सुरक्षित हेलमेट की सही गुणवत्ता और मानक समझाए। पुराने हेलमेट को तोड़कर यह प्रदर्शित किया गया कि वे कितनी आसानी से टूट जाते हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत नए, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट वितरित किए गए। यह कदम सड़क सुरक्षा में हेलमेट की गुणवत्ता के महत्व को समझाने के लिए उठाया गया।

अभियान में एसीपी ट्रैफिक राकेश प्रताप, टीआई अमर सिंह और रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर नोएडा के कई सदस्य भी मौजूद रहे।

सभी ने मिलकर वाहन चालकों को गति सीमा का पालन, सही लेन में ड्राइविंग और मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे यातायात सुरक्षा नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# एमबीए छात्रा की मौत

**अपार्टमेंट में फ्लैट के अंदर फंदे पर लटका मिला शव, सेक्टर-11 में अकेले रहती थी**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, विजयनगर थाना क्षेत्र में एक एमबीए छात्रा (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती का शव सेक्टर-11 स्थित उसके किराए के फ्लैट में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान पूनम के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली थी। पूनम गाजियाबाद में रहकर एक कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। पढ़ाई के साथ-साथ वह नौकरी भी करती थी और सेक्टर-11 के फ्लैट में अकेले रहती थी। घटना की जानकारी फ्लैट मालिक लोकेश चोपड़ा ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि उनके फ्लैट में किराए पर रह रही पूनम ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कमरे की जांच शुरू की। पुलिस ने फ्लैट को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मौके से पूनम का मोबाइल फोन और कुछ निजी दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पुलिस इन सभी की जांच कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवती किसी मानसिक तनाव में थी या किसी दबाव का सामना कर रही थी। पूनम के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिवार ने पुलिस से पूरे मामले की गहन जांच करने की मांग की है, ताकि मौत का असली कारण सामने आ सके।

# मिशन सहयोग के तहत लौटाए 101 फोन

**सर्विलांस और ईएमआई नंबर को ट्रैक कर मिली लोकेशन, वापस पाकर हो गए खुश**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, पुलिस बोल रही है , जो फोन आप यूज कर रहे है उसका असल मालिक कोई और है। इसे वापस लौटा दीजिए। इस तरह से बात करके मिशन सहयोग के तहत 101 मोबाइल नोएडा वासियों को उनके सुपुर्द किए गए। ये मोबाइल सिर्फ दिल्ली एनसीआर नहीं बल्कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा से रिकवर किए गए। हालांकि लोगों ने काफी सपोर्ट किया और फोन नोएडा भेजे। इनमें से कुछ ऐसे भी थे, जो मान नहीं रहे थे। उनको लीगल एक्शन का डर भी दिखाया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस तरह से करके करीब 101 मोबाइल रिकवर किए गए। इन मोबाइल को उनके रियल आर्नर को दिया गया। डीसीपी ने बताया कि सबसे पहले गुमशुदा हुए या चोरी की शिकायतों को निकलवाया गया। उनके फोन के ईएमआई नंबर को ट्रैक



किया गया। जिसमें से करीब 101 लोगों के फोन अलग-अलग स्थानों पर चलते पाए गए। डेटा बेस के जरिए मोबाइल में चल रहे नंबर को निकाला गया। उनको आपसी सहयोग मिशन के तहत फोन किया गया और फोन रिकवर किए गए। पिछली बार 100 मोबाइल फोन इसी मिशन सहयोग के तहत लोगों को वापस दिलाए गए गए थे। डीसीपी ने बताया कि ये अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ये मोबाइल भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे। जिनके संबंध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों में गुमशुदगी दर्ज थी।

# एचडीएफसी बैंक ने रक्तदान शिविर आयोजित किया

- जिला संयुक्त अस्पताल के सहयोग से लोगों ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

बागपत, एचडीएफसी बैंक शाखा ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर जिला संयुक्त अस्पताल बागपत के सहयोग से लगाया गया, जिसका नेतृत्व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. ऐश्वर्या चौधरी ने किया। चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अनुराग कुमार ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्रांच मैनेजर लाल सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शाखा प्रबंधक ब्रजेश शर्मा और रक्तदान शिविर आयोजक मनोज यादव ने बताया कि एचडीएफसी बैंक वर्ष 2007 से लगातार ऐसे शिविर आयोजित कर रहा है। इस वर्ष भी 'ऑल इंडिया ब्लड डोनेशन ड्राइव' के तहत देशभर में रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2007 में 88 शिविरों के माध्यम से 4,385 यूनिट रक्त एकत्र किया गया था। यह आंकड़ा वर्ष 2023 में बढ़कर 7,487 शिविरों और 5,90,175 यूनिट रक्त तक पहुंच गया है। यह बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शिविर में जिला संयुक्त अस्पताल बागपत की एक टीम मौजूद रही। इसमें ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. ऐश्वर्या चौधरी, सीनियर लैब टेक्नीशियन डॉ. के.एल. भारती, लैब टेक्नीशियन प्रवीण कुमार और टी.एल. भास्कर शामिल थे। टीम ने रक्तदाताओं की जांच, पंजीकरण और सुरक्षित रक्त संग्रह की पूरी प्रक्रिया का प्रबंधन किया। इस शिविर में युवाओं, बैंक कर्मचारियों




और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस आयोजन से सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा मिला और जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## संक्षेप

### प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा के बिगड़े बोल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। आईएएस अधिकारी के बिगडे बोल से नाराज ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओ ने उप जिलाधिकारी करन वीर सिंह द्वारा राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राम्हण समाज की बेटियों के अपमान जनक टिप्पणी पर खेद प्रकट करते हुए कहा कि द्वेश भावना से प्रेरित होकर समाज में माहौल बिगड़ने का कार्य किया है। जो बहुत ही चिंता जनक है ।सभी वर्गों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जल्द ही ऐसे अधिकारी को बर्खास्त किया जाए और अभद्र अपमान जनक समाज में जहर फैलाने का काम कर रहे हैं ।ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश त्रिवेदी शिब्बू महाराज, बृजेंद्र गौतम, विवेक दीक्षित, रेवती रमण पाठक, बाबूराम बाजपेई, मूलचंद शुक्ला व गौरव गुप्ता सहित एक दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

### जिला सेवायोजन के द्वारा सुमेरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर जिला सेवायोजन द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर, में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना १ङ्घनॅ१ रंल्लें.४स्र.ङ्घ५.ल्ल ऑनलाइन आवेदन करते हुये अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुये इस अवसर का लाभ उठा सकते है, किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

### ग्राम पंचायत अधिकारियों का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

मौदहा हमीरपुर -विकास खण्ड में ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश का विरोध किया। सोमवार को सचिवों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारी सचिवों ने बताया कि 3 नवंबर को जारी शासनादेश के अनुसार पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है। उनका तर्क है कि यह आदेश वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहारिक है और इससे शासकीय कार्य बाधित होंगे ।सचिवों का कहना है कि उनका कार्यक्षेत्र व्यापक होता है और अक्सर एक सचिव के पास 3 से 6 पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होता है, जिससे ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना असंभव है। उन्होंने मांग की है कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए ।उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान पर वे 4 नवंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। आगे की रणनीति भी तय कर ली गई है। विरोध प्रदर्शन में नितेश चंदेल, अरविन्द कुमार, भूपेन्द्र कुमार, राजू सिंह, गिरीश चन्द्र, हरी बाबू, भगवान प्रसाद, प्रियंका, सहित कई सचिव मौजूद रहे।

## इंफ्रा कंपनी पर किसानों की 128 बीघा जमीन बर्बाद करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सवायजपुर तहसील क्षेत्र के सेमरझाला गाँव की भूमि पर एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा किए गए निर्माण कार्य के बाद, पड़ोसी इनायतपुर गाँव के किसानों की 128 बीघा उपजाऊ जमीन खेती के अयोग्य हो गई है। किसानों का आरोप है कि कंपनी ने लीज पर ली गई जमीन को पत्थर, गिट्टी और बजरी मिलाकर बर्बाद कर दिया, जिससे भूमि की उर्वरता और समतलता खत्म हो गई है ।किसानों ने बताया कि लीज अवधि समाप्त होने पर कंपनी ने वादा किया था कि जमीन को पूर्व स्थिति में लौटाया जाएगा, लेकिन वे खेतों को बदतर हालत में छोड़कर चले गए। इससे किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट आ गया है। एकजुट हुए किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर भूमि का समतलीकरण, मलबा हटाने और सफाई कराने की मांग की है, ताकि उनकी रबी और खरीफ की फसलें प्रभावित न हों।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। मल्लावां कोतवाली का अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम ने अर्धवार्षिक निरिक्षण कर कार्यालय, बैरक, मालखाना और अभिलेखों के रख रखाव देखा और जनसुनवाई के निस्तारण में प्रगति को लेकर निर्देशित किया। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतम ने थाने का निरीक्षण के दौरान शास्त्रों के रख रखाव को परखा और कांस्टेबल परशुराम, विजेंद्र फौजी से दंगे के समय रायफल से फायर कैसे की जाती तो कांस्टेबलों ने जवाब देते हुए कहा कि दंगे के वक़्त हवाई फायरिंग की जाती है। उन्होंने परिसर की साफ सफाई को लेकर संतोष व्यक्त किया। महिला डेस्क पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। जनसुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों के निस्तारण को लेकर कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय को तेजी लाने को निर्देशित किया।

## बीएसए ने अलग -अलग विद्यालयों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। ब्लाक के अलग -अलग विद्यालयों का नवागंतुक बीएसए डॉ अजीत सिंह ने निरिक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम, अभिलेख और एसआईआर की प्रगति देखी। सोमवार को बीएसए डॉक्टर अजीत सिंह ने प्रसिद्ध शिव मंदिर सुनासीर नाथ पहुंचकर पूजन अर्चन किया। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय तेजीपुर में प्रधानाध्यापिका ज्योति मिश्रा से विद्यालय के अभिलेख मांगकर देखे। उसके बाद एमडीएम की गुणवत्ता और साफ सफाई देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उसके गंगारामपुर कन्या पाठशाला ने बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता देखी और बच्चों से नियमित ड्रेस पहनकर आने को कहा। उन्होंने एसआईआर की प्रगति भी परखी।

## सफाई कर्मी पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर- नगर के में अपनी मौसी की शादी में आई नाबालिक बालिका के साथ गेस्ट हाउस के सफाई कर्मी ने बलात्कार करने का प्रयास किया जहां मौजूद लोगों ने आरोपी को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। नगर के नेशनल मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार की रात एक वैवाहिक कार्य क्रम संपन्न हो रहा था जिसमें लड़की पक्ष मौदहा का ही था। इस विवाह में दुल्हन की बड़ी बहन अपने बच्चों को लेकर शामिल होने आई थी। रात में जब सभी लोग वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्त थे तभी दुल्हन की 12 वर्षीया भतीजी अपने भाई-बहनों के साथ सो रही थी उसी समय गेस्ट हाउस के सफाई कर्मी अमित निवासी अरतरा ने उक्त बालिका के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। बालिका द्वारा शोर मचाने पर वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार के प्रयास व पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

## 31 वें शतचंडी महायज्ञ यज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रहलाद प्रसंग का वर्णन किया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर इचौली स्थित मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में आयोजित 31वें शतचंडी महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद प्रसंग का बखान किया गया। इसमें कथा व्यास पंडित यतेन्द्र पाठक ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। यज्ञाचार्य पंडित अमित मिश्रा, यज्ञ के ब्रह्मा पंडित शोभित तिवारी,, पत्राचार पंडित अजय तिवारी पंडित प्रसू तिवारी पंडित विजय द्विवेदी ,,राजा रानी पंडित लल्लन तिवारी,, भागवत परीक्षित विनोद ऋषिराज सिंह विपिन पांडे ऋषि तिवारी फूलचंद तिवारी, गंगादीन वर्मा प्रधान, रामविलास गुप्ता अरुण गुप्ता प्रताप सिंह रघुवंशी, अमित तिवारी प्रेमचंद शिवहरे इत्यादि श्रोता ने भागवत कथा श्रवण किया।

## गाली-गलौज और मारपीट के आरोप में पूर्व प्रधान समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।टड़ियावां थाना क्षेत्र के गाँव सरदापुर में पूर्व प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जानमाल की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है ।टीपू मिश्रा नामक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 29 नवंबर की शाम उनके पिता भगवान शरण घर के बाहर बैठे थे, तभी आरोपी पूर्व प्रधान कमलेश अवस्थी अपने सहयोगियों फुलारी, संजय और इशाक के साथ आए और उनके परिवार को गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने मना किया, तो आरोपी हमलावर हो गए और उनके साथ मारपीट की ।पीड़ित ने किसी तरह बचकर घर के अंदर जाकर जान बचाई। आरोप है कि हमलावरों ने उनके दरवाजे पर ईंटें फेंकी और बाहर पड़ी कुर्सियाँ तोड़ दीं। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान समेत चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुन श्रोता मंत्रमुग्ध



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण बलराम जन्म के बाद नामकरण एवं बाल लीलाओं की सुंदर कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल राधे-राधे की जय घोष से गुंजायमान हो उठा।

श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्रीकृष्ण एवं बलराम के नामकरण का सुंदर वृतांत सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान के सैकड़ो नाम है। लेकिन यशोदा मैया का नाम श्री कृष्ण सबको प्यारा है। इसके बाद उन्होंने भगवान की बाल लीलाओं की सुंदर कथाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल राधे-राधे के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था। वही इस मौके पर लगे मेले में कस्बा वासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

## विश्व एड्स दिवस का शुभारंभ मुख्यचिकित्सा अधिकारी द्वारा फीता काट कर रवाना किया गया

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु प्रातः 10:00 बजे से विश्व एड्स दिवस परेड का शुभारम्भ जिला पुरुष चिकित्सालय परिषर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा झण्डी दिखाकर किया गया। परेड में स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ-साथ एन०एस०एस० के छात्र, आम जनमानस एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान, के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परेड का समापन जिला पुरुष चिकित्सालय से मेन रोड से एच०आई०वी० सम्बन्धित नारे लगाते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी कक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया आई०वी० की रोकथाम हेतु संगोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों, आम जनमानस एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान, के कर्मचारियों को जागरूक करते हुये विस्तृत जानकारी दी गयी। डा० बी०पी० सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी, द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को ओ०पी०डी० में आने वाले सभी मरीजों के साथ एक समान व्यवहार अपनाया जाना, एच०आई०वी० संक्रमित मरीजों से दुर्व्यवहार/भेदभाव न किया जाये एवं संक्रमित मरीजों का डाटा प्रस्तुत करें, कहा गया। संगोष्ठी में अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० आर०एस० प्रजापति, फिजीशियन, समस्त आई०सी०टी०सी० काउन्सलर (प्रशान्त कुमार, श्रीमतीनीतू संखवार, विनय कुमार) एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान, के कर्मचारी मौजूद रहे। संगोष्ठी का संचालन अनिल यादव स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त दोपहर 02:00 बजे जिला कारागार में बन्दियों को एच०आई०वी० एड्स के बारे में जागरूक किये जाने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी

## जनसुनवाई के दौरान 91 शिकायतें प्राप्त हुई है जिसमें से अधिकांश का मौके पर निस्तारण किया गया



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## ऑनलाइन हाजरी के विरोध में उतरा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ

### एक से चार दिसंबर तक काली पट्टी बांध करेंगे कार्य

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। ऑनलाइन उपस्थिति एवं सचिवो से कराएं जा रहे गैरविभागीय कार्यों के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति चार दिन तक काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। इसके बाद 5 दिसंबर को धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने के उपरांत जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से लेफ्ट हो जाएंगे ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप ओमरे एवं महामंत्री दिलीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति (एफआरएस) एवं गैर विभागीय कार्य लिए जाने के विरोध में एक से चार दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा। पांच दिसंबर को धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपने के उपरांत सभी सरकारी ग्रुपों से अलग हो जाएंगे।

## नहर कटने से किसानों के खेतों में भरा पानी, कई बीघा फसल हुई खराब

### करीब 30 घंटे बाद सिंचाई विभाग ने ली सुध, किसानों ने प्रशासनिक लापरवाही का लगाया आरोप



अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। गरौठा तहसील क्षेत्र के मौजा कचीर में सिंचाई विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां भसनेह बांध से जुड़ी बढ़वार नहर के कट जाने से दर्जनों किसानों की मटर, गेहूं और चना की कई बीघा फसल पानी में डूब गई। ग्रामीणों के अनुसार रविवार सुबह नहर में पानी छोड़ा गया, लेकिन कचीर बस स्टैंड के थोड़ी आगे बीच में नहर कटने से पानी सीधे किसानों के खेतों में भर गया। किसानों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा नहर की मरम्मत और देखभाल समय से नहीं की गई, जिसके कारण फसलों को नुकसान हुआ है ।किसानों ने तुरंत नहर कटने की सूचना मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, नहर विभाग के जेई तथा एसडीएम गरौठा को दी। सोमवार को दोपहर जेसीबी से नहर के कटाव को मिट्टी डालकर बन्द कराया गया ।लेकिन तब तक लगभग दर्जन भर किसानों की 50 बीघा की फसल पानी से प्रभावित हो चुकी थी। एक ओर जहां योगी सरकार किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है वहीं दूसरी ओर कुछ जिम्मेदार लोगों की लापरवाही से शासन की योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है। अन्नदाता कहे जाने वाला किसान घंटों कड़ी धूप में लाइन में लगकर कड़ी मशक्कत के बाद खाद, बीज की व्यवस्था करके अपनी फसलों की बुवाई कर पाता है बावजूद इसके यदि उसकी फसल का नुकसान हों जाए उसके दिल पर क्या बीतती होगी ये तो वही जान सकता है। ग्राम के ब्रजकिशोर परिहार, सत्यभान परिहार, उदयपाल यादव, ऊदल सिंह, रामनारायण प्रजापति आदि ने प्रशासन से फसल को हुए नुकसान का सर्वे करवाते हुए उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकार भले ही अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही हो, लेकिन कुछ जिम्मेदार लोगों के गैर जिम्मेदार रवैए और उनकी लापरवाही से किसान भारी नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

## देवम मोटर्स प्रतिष्ठान का हुआ भव्य शुभारंभ

### स्थानीय व्यवसाय को मिलेगा नया आयाम, क्षेत्रवासियों में उत्साह

अमन लेखनी समाचार




गुरसरांय। गरौठा विधानसभा क्षेत्र के नगर गुरसरांय से कोटराझउरई रोड अस्ता मार्ग पर क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए देवम मोटर्स नामक नवीन प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ धार्मिक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या धाम के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 महंत वैदेही बल्लभ शरण जी महाराज ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। महंत जी ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और सुविधाओं को बढ़ावा देते हैं तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजी परिहार, उद्योगपति सुशील गुप्ता (क्रेशर वाले), गुरसरांय नगरपालिका अध्यक्ष जयपाल सिंह उर्फ राजू चौहान, सुरेन्द्र तिवारी (गुड्डु महाराज), राकेश त्रिपाठी, स्वतंत्र रिछारिया तथा राजीव अड़जरिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिष्ठान की स्थापना को क्षेत्र के लिए सकारात्मक पहल बताते हुए शुभकामनाएँ दीं ।इस अवसर पर देवम मोटर्स के डायरेक्टर देवेंद्र द्विवेदी ने सभी आगंतुकों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ, आधुनिक वाहन सुविधाएँ और पारदर्शी व्यवस्था प्रदान करना है।

स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि देवम मोटर्स की स्थापना से क्षेत्र में मोटर संबंधित सेवाएँ अब और अधिक सुलभ होंगी।

## ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांध कर आनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

अमन लेखनी समाचार




कुरारा, हमीरपुर स्थानीय विकास खंड कार्यालय परिसर में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध को लेकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन कर नारे बाजी की शासन द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारियों को पंचायत भवन में ऑनलाइन उपस्थित दर्ज करने के लिए आदेश जारी किए गए है। इसके विरोध में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने विकास खंड कार्यालय के बाहर बैनर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । तथा हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्य किया। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया एक दिसंबर से चार दिसंबर तक शांति पूर्वक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन में नीरज सचान, जमाल अहमद, नसीम अहमद, शिखा, आशीष कुमार, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक हफ्ते निरस्त रहेंगी कानपुर मानिकपुर मेमो

### झांसी मंडल में ट्रैक उच्चीकरण कार्य के चलते निरस्त रहेंगी कई ट्रेन

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। झांसी मंडल के वीरागंना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर सेक्शन में खुरहंड-डिंगवाही-बांदा स्टेशनों के बीच ट्रैक दोहरीकरण के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने के कारण ट्रेनें निरस्त रहेंगी। कुछ ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों से रेग्युलेशन होकर (देरी से) चलेंगी। कुछ ट्रेनें भी विभिन्न स्टेशनों के बीच रोक-रोक कर चलाई जाएंगी। एनसीआर सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि 11 दिसंबर को 14109 चित्रकूट-कानपुर सेंट्रल, 14110 कानपुर सेंट्रल-चित्रकूट, पांच से 11 दिसंबर तक 64601 मानिकपुर-कानपुर सेंट्रल, 64602 कानपुर सेंट्रल-मानिकपुर इस अवधि में निरस्त रहेगी। इसके अलावा 18203 दुर्ग-कानपुर सेंट्रल एक और 10 दिसंबर को ओहन-अतर्रा के बीच 30 मिनट, आठ दिसंबर को ओहन-अतर्रा के बीच 60 मिनट, 64602 कानपुर सेंट्रल-मानिकपुर दो, तीन व चार दिसंबर को भीमसेन-बांदा के बीच 30 मिनट देर होकर चलेगी। 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक टर्मिनल 11 दिसंबर को भीमसेन-खैरार के बीच 60 मिनट देर के साथ चलेगी। इसके अलावा भी करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर रोक-रोक कर चलाई जाएंगी

## फॉलोअप

## किन्नरों के विवाद में पुलिस तटस्थ अफसाना गुट समझौते पर उतरा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के बस स्टैंड के समीप रविवार को किन्नरों के दो गुटों में हुई खूनी झड़प के बाद मामले में पुलिस ने अभी तक किसी पक्ष से कोई कार्रवाई नहीं की है। वही अफसाना गुट ने दूसरे गुट की अंजना के समक्ष राजीनामा का प्रस्ताव रखा है। अंजना अपने गुट के घायलों का सदर अस्पताल में उपचार करा रही है। इस वजह से समझौते की गाड़ी फिलहाल आगे नहीं बढ़ सकी है ।रविवार को तड़के नेग मांगने के विवाद में किन्नरों के दो गुटों के मध्य खूनी संघर्ष हो गया था। इस संघर्ष में अफसाना गुट के दो दर्जन किन्नर और युवकों ने अंजना गुट के मंजीरा वादक शिवपूजन तथा वाहन चालक हरिपूजन को धारदार हथियारों एवं लाठी डंडों से पीटकर लहुलुहान कर दिया था। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर सौंप थी। पुलिस अभी तक इस प्रकरण में तटस्थ है। किसी भी पक्ष की कोई कार्यवाही नहीं की गई। उधर अफसाना गुट झगड़े के बाद कदम पीछे खींचते हुए समझौते की राह पर उतर आया है। अफसाना गुट के किन्नर अंजना को फोन करके समझौता करने की बात कह रहे हैं। लेकिन घायलों के उपचार में जुटी अंजना ने फिलहाल समझौते से मना किया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

लाइफ Style



## कीर्ति

### एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

हॉलीवुड मसाला



## नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



## सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



## पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



## 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



## वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

### जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

## प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।





इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

## रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गो पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!